# घर से निकलते ही, कुछ दूर चलते ही गड्ढे-दलदल

## बरसात में खुदाई ने बढ़ाया दर्द, सड़कों पर मिट्टी से फैला कीचड़, कई जगह एक लेन बंद, राहगीर रपट रहे, वाहन फंस रहे

**बारिश से बदहाल शहर**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मेट्रो की खोदाई के साथ-साथ पाइप लाइन डालने के लिए जगह-जगह की गई खोदाई से सड़कें जानलेवा हो गई हैं। पहली ही बारिश में यह हाल है कि खोदाई वाली सड़कों पर इतना कीचड़ और फिसलन हो गई है कि लोगों ने निकलना बंद कर दिया है। कई जगह एक लेन बंद हो गई है और एक लेन पर ही यातायात चल रहा है जिससे जाम लगता है और हादसों का डर है। आक्रोशित लोग अफसरों के साथ-साथ जनसुनवाई पोर्टल पर भी शिकायत कर रहे हैं लेकिन कुछ नहीं हो रहा। खोदाई करने वाले विभागों ने महीनो बाद भी सड़कें मोटरेबुल नहीं कराईं और अफसर सोते रहे। अब जनता भोग रही। कोई जनप्रतिनिधि भी सामने नहीं आ रहा।



कल्याणपुर-बिठूर रोड खोदाई से बर्बाद हो गई। एक लेन पर आवागमन बंद है। अमृत विचार

### सीवर लाइन डालने में बंद हो गई आधी सड़क

● शहर में कई सड़कें आधी बंद हैं। कल्याणपुर से बिठूर जाने वाले मार्ग पर सिंहपुर चौराहे तक यह सीवर लाइन पड़ रही है। यह सड़क सीधा बिठूर से जोड़ती है। लेकिन कई महीनों से यहां एक लेन में खोदाई के चलते मार्ग बंद है। बरसात में अब यहां समस्या बढ़ गई है। गड्ढों में पानी भर गया है। एक ही लेन पर आने-जाने वाले राहगीर चल पा रहे हैं।



कल्याणपुर बैरी चौराहे पर सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए। अमृत विचार

### बैरी चौराहे पर सड़क पर गड्ढे बढ़ा रहे मुसीबत

● कल्याणपुर से बिठूर जाने वाले मार्ग पर सिंहपुर चौराहे तक पड़ रही सीवर लाइन के कार्य की वजह से लोगों को दिक्कत झेलनी पड़ रही है। बैरी चौराहे पर सड़क पर इतने बड़े-बड़े गड्ढे हैं जो राहगीरों की मुसीबत बढ़ा रहे हैं। बरसात के समय में दिन में तो किसी तरह लोग निकल पा रहे हैं, लेकिन रात में यहां दो पहिया वाहन सवार गिर रहे हैं।



काली मठिया मंदिर के पास धंसी सड़क। अमृत विचार

### काली मठिया मंदिर के सामने सड़क धंसी

● **कानपुर।** शास्त्री नगर में काली मठिया मंदिर के सामने सीवर लाइन डालने के लिए खोदाई करके छोड़ दिया गया। जिसके नतीजे में सड़क धंस गई और आएदिन राहगीर गिरकर चुटहिल हो रहे हैं। समाजसेवी एवं व्यापार सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष गहमरी बिल्लू ठाकुर, छोटे लाल, प्रभात पाल, अमित यादव, पिंटू श्रीवास्तव, अरमान, फैसल, रमाकांत, सनम ठाकुर, मनोज आदि ने जल निगम अधिकारियों से मांग की है कि तुरंत इस सड़क को ठीक कराकर लोगों को राहत दें।



मैनावती मार्ग पर चलना खतरे से खाली नहीं है। अमृत विचार

### मैनावती मार्ग में दूसरे तरफ की सड़क भी गायब

● मैनावती मार्ग में एक तरफ की सड़क काफी दूर तक गायब हो गई है। यहां बरसात में चलता दूभर हो गया है। बिठूर की तरफ जाने वाली लेन जो पूरी तरह से टूट गई है। बरसात होने के बाद से ही यहां पानी भरा है। सोमवार को जब दिनभर बरसात नहीं हुई इसके बावजूद यहां लोग कीचड़ व गड्ढों से परेशान रहे। स्थानीय लोग तो यहां घरों में ही कैद हो गए हैं। मुख्य सड़क से अंदर जाने वाले संपर्क मार्ग में भी जलभराव हो गया है।



जाजमऊ पंचरौजा में जनसमस्या के खिलाफ नारेबाजी। अमृत विचार

### जाजमऊ में मार्ग कीचड़ में तब्दील, नारेबाजी

● **कानपुर।** जाजमऊ में हजरत मख्दूम शाह आला की मजार के बगल से पंचरौजा टीला की ओर जाने वाली सड़क बारिश के बाद कीचड़ में तब्दील हो गई है। जिससे रास्ता लगभग बंद हो गया। विरोध में क्षेत्रीय लोगों ने कीचड़युक्त सड़क के पास नारेबाजी की और हाथों में अगरबत्ती लेकर प्रदर्शन किया। वहाब भाई, नसरीन खातून, फरहीन, साहिब बेगम, अफजल, सलमान, इकराम आदि मौजूद थे।

### दादानगर पुल से विजयनगर की ओर एक लेन बंद

● दादानगर पुल से विजयनगर की ओर आने वाली लेन पर महीनों पहले पाइप डाले गए थे लेकिन सड़क मोटरेबुल नहीं की गई। पूरी सड़क पर मिट्टी पसरी थी तो बारिश होने पर दलदल में बदल गई। अब इस पर पैदल चलना तो दूर, वाहन से चलना भी दूभर है। सोमवार को यहां दो लोडर दलदल में फंस गए और रास्ता बंद हो गया। सभी वाहन दूसरी लेन से चले जिससे जाम लगता रहा।

# जलभराव की शिकायतें पिछले साल से कम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● जोन 6 की समीक्षा बैठक में पार्षदों से एक-एक कर ली जानकारी

● अधिकारियों से कहा, कहीं पानी भरा मिला तो कार्रवाई होना तय

**अमृत विचार।** महापौर प्रमिला पांडेय ने जलभराव की समीक्षा शुरू कर दी है। सोमवार को जोन 6 में नाला सफाई को लेकर क्षेत्रीय पार्षदों और नगर निगम व जलकल के अधिकारियों के साथ बैठक की। महापौर ने एक-एककर पार्षदों से जलभराव की रिपोर्ट मांगी, जिस पर कई पार्षदों ने जलभराव की समस्या बताई। महापौर ने कहा कि अगर इलाके में पानी भरा मिला तो संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई तय मानें। महापौर ने बताया कि इस बार पिछले साल की तुलना में कम समस्याएं आ रही हैं।

नगर निगम मुख्यालय स्थित समिति कक्ष में महापौर ने जोन-6 में नाला-नाली सफाई के सम्बन्ध में पार्षद एवं अधिकारियों के साथ बैठक की। महापौर ने कहा कि इस बार पहले से ज्यादा कार्य हुआ है, क्योंकि इस वर्ष जलभराव सम्बन्धी शिकायतें काफी कम हो गयी हैं। वार्ड 35 कल्याणपुर उत्तरी के पार्षद आनन्द शुक्ला ने कहा कि अभियन्त्रण विभाग के 70 प्रतिशत नाले साफ हो गये हैं। अधिशाषी अभियन्ता, जोन-6 आरके सिंह ने बताया कि वार्ड 35 एक गली में जनता नाला खोलने नहीं दे रही है, कुछ अतिक्रमण की समस्या के कारण अभियन्त्रण विभाग के नाले साफ नहीं हो पा रहे हैं। जेडएसओ, जोन-6 विजय शुक्ला ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की नालियों पर अतिक्रमण के कारण सफाई नहीं हो पा रही है। वार्ड 43 नवाबगंज के पार्षद राज किशोर ने कहा कि नालों पर 4 स्थानों पर अतिक्रमण है। स्वास्थ्य विभाग के 80 प्रतिशत नाले साफ हो गये हैं। गीता पार्क के पास 2 साल से सफाई नहीं हुई है। इसी तरह अन्य पार्षदों ने अपने-अपने वार्ड की समस्याएं बताईं। महापौर ने कहा कि 15 दिन बाद फिर से बैठक होगी। बैठक में अपर नगर आयुक्त जगदीश यादव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय संखवार, जोनल अधिकारी रविशंकर यादव आदि रहे।



नगर निगम समिति कक्ष में बैठक करतीं महापौर प्रमिला पांडेय। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### चिड़ियाघर में एमू की मौत से हड़कंप

**कानपुर।** चिड़ियाघर में सोमवार सुबह एक एमू (आस्ट्रेलियाई पक्षी) मृत पाया गया है। उसका सैंपल बरेली स्थित लैब में जांच के लिए भेजा गया है। चिड़ियाघर में इससे पूर्व गोरखपुर से इलाज के लिए लाये गये बब्बर शेर की बर्ड फ्लू से मौत हो चुकी है। एक मोर और एक बतख की भी मौत हो चुकी है। बर्ड फ्लू के खतरे के मद्देनजर एक महीने से भी ज्यादा समय से चिड़ियाघर बंद चल रहा है। हालांकि बरेली और भोपाल की लैब से तीन रिपोर्ट आ चुकी हैं जिससे ये स्पष्ट हो गया है कि चिड़ियाघर में बर्ड फ्लू का कोई प्रभाव नहीं है लेकिन सोमवार को आस्ट्रेलियाई चिड़िया की मौत के बाद एक बार फिर हड़कंप मचा है। चिड़ियाघर खोलने पर अभी कोई फैसला नहीं हुआ है।

### खड़े ट्रक में पीछे से दूसरा ट्रक घुसा, खलासी की मौत

**कानपुर।** जाजमऊ थानाक्षेत्र में कानपुर-लखनऊ हाईवे पर खड़े ट्रक में पीछे से दूसरा ट्रक जा घुसा। हादसे में ट्रक का खलासी केबिन मंक बुरी तरह फंस गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे निकालकर कांशीराम ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घाटमपुर के स्योंदी ललईपुर निवासी बबलू सिंह का 22 वर्षीय बेटा रोहित ट्रक पर खलासी का काम करता था। वह चालक प्रद्युम्न सिंह के साथ ट्रक पर चलता था। स्वजन ने बताया कि सोमवार तड़के वह चालक प्रद्युम्न के साथ ट्रक से लखनऊ जा रहा था। तभी जाजमऊ चेकपोस्ट के पास कानपुर-लखनऊ हाईवे पर खड़े ट्रक में उसका ट्रक जा घुसा।

### कुत्ते को मारने और घसीटने में रिपोर्ट

**कानपुर।** बाबूपुरवा थाना क्षेत्र के बगाही इलाके में ई-रिक्शा चढ़ाकर कुत्ते को मारने और दो किमी तक घसीटकर रास्ते में फेंकने के मामले में पुलिस ने चार्जिंग प्वाइंट संचालक और चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने उम्मीद एक किरण जीव आश्रय संस्था के संस्थापक मयंक त्रिपाठी की तहरीर पर पशु हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज की है। शनिवार रात करीब दो बजे चार्जिंग के बाद ई-रिक्शा चालक ने मोड़ने के दौरान चपेट में आए कुत्ते पर जानबूझकर ई-रिक्शा चढ़ा दिया था। इससे कुत्ते की मौके पर ही मौत हो गई थी। अगले दिन रविवार को कुत्ते को रस्सी से ई-रिक्शा में बांध कर घसीटते हुए शनिदेव मंदिर के पास फेंककर भाग निकला था। पूरी वारदात सीसी कैमरे में कैद हुई थी। बाबूपुरवा थाना प्रभारी ने बताया कि चार्जिंग प्वाइंट के संचालक आमिर और ई-रिक्शा चालक पर मुकदमा दर्ज किया है।



पंजीकरण शिविर में मौजूद उद्यमी और अधिकारी। अमृत विचार

# तीन दिवसीय कैंप में हुए 15 पंजीकरण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● यूपीसीडा ने उत्पादक पंजीकरण को कैंप लगाया

**अमृत विचार।** इण्डियन इण्डस्ट्रीज एसोसिएशन की ओर से उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण में इकाइयों के उत्पादक पंजीकरण के लिए कैंप लगाया गया। यह कैंप तीन दिन चलेगा। कैंप में पहले दिन 15 उद्यमियों ने पंजीकरण कराया।

कैंप की शुरुआत क्षेत्रीय प्रबंधक, यूपीसीडा मंसूर कटियार ने किया। आईआईए भवन, उद्योग कुंज, पनकी साइट-5 में लगे शिविर में मंसूर कटियार ने कहा कि प्रदेश की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों के योगदान को सुनिश्चित करने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) द्वारा पंजीकरण प्रक्रिया संचालित की जा रही है। इसी क्रम में कैंप किया गया है। इस कैंप में यूपीसीडा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लघु उत्पाद इकाइयों का ऑन-द-स्पॉट पंजीकरण किया जा रहा है। उनके उत्पादों को प्रमाणित कर उन्हें औद्योगिक मान्यता प्रदान की जा रही है। शिविर में संस्था के राष्ट्रीय महामंत्री आलोक अग्रवाल, दिनेश बरासिया द्वारा मयूर माहेश्वरी, सीईओ, उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण का आभार व्यक्त किया।

# खाते से 1.60 लाख रुपये पार

**कानपुर।** बाबूपुरवा कालोनी निवासी अमित कुमार गौर के बैंक खाते से 1.60 लाख रुपये पार हो गए। पास बुक अपडेट कराने पर चार माह बाद उन्हें रुपये कटने का पता चला। पीड़ित ने बाबूपुरवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

प्राइवेट कर्मी अमित के मुताबिक उनका आईसीआईसीआई बैंक की किदवईनगर शाखा में बैंक खाता है। बीते दिनों खाते की पासबुक को अपडेट कराया तो पता चला कि 23 दिसंबर 2024 से 16 फरवरी के बीच खाते से एक लाख साठ हजार रुपये ऑनलाइन निकाले गए हैं। ये रुपये कई बार में निकाले गए हैं। उनका दावा है कि उनके मोबाइल पर न तो रुपये कटने का कोई मैसेज आया और न ही उन्होंने कोई लिंक पर क्लिक किया है। उन्होंने ओटीपी भी किसी के साथ साझा नहीं किया है। बाबूपुरवा इंस्पेक्टर अरुण कुमार द्विवेदी ने बताया कि साइबर ठगी की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# 100 बेड के आईसीयू का निर्माण शुरू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के बगल में काम शुरू

**अमृत विचार।** हैलट परिसर में सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के बगल में 100 बेड के आईसीयू का निर्माण शुरू हो गया है। हैलट में 17 से 18 जिलों से मरीज इलाज के लिए आते हैं, जिसकी वजह से यहां पर आईसीयू के लिए प्रतिदिन वेटिंग रहती है। 100 बेड का आईसीयू बनने से ये समस्या दूर हो जाएगी।

हैलट अस्पताल की इमरजेंसी, सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल, मेडिसिन विभाग व मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल में वर्तमान में करीब 75 आईसीयू के बेड की सुविधा है। पीआईसीयू में 42 और एनआईसीयू में 26 बेड हैं। हैलट व संबंधित अस्पतालों में मरीजों की बढ़ती भीड़ के कारण अक्सर आईसीयू के बेड की कमी हो जाती है। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला के मुताबिक सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के बगल में सौ बेड की अलग से आईसीयू की इमारत तैयार करने का कार्य शुरू हो गया है। इस इमारत के बन जाने से गंभीर मरीजों को आईसीयू में बेड आराम से उपलब्ध हो सकेंगे। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत मिशन के तहत 44.3 करोड़ के इस प्रोजेक्ट पर कार्य शुरू हो गया है। चिन्हित जगह पर 33 करोड़ रुपये से सिविल का कार्य होंगे, जबकि बची हुई धनराशि से उपकरण की खरीदारी की जाएगी। प्राचार्य के मुताबिक सौ बेड के आईसीयू की इमारत में आईसीयू के साथ ही एचडीयू की भी सुविधा मरीजों को मिलेगी। ऑपरेशन थिएटर, प्री और पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड भी इसी इमारत में होगा।

### लाइनमैन ने दम तोड़ा

**कानपुर।** महाराजपुर थानाक्षेत्र में चार माह पूर्व खंभे पर चढ़कर फाल्ट ठीक करने के दौरान करंट लगने से झुलसे संविदाकर्मी लाइनमैन की इलाज के दौरान मौत हो गई। महाराजपुर के डोमनपुर गांव निवासी राकेश सैनी का 23 वर्षीय बड़ा बेटा पंकज सरसौल सबस्टेशन में संविदा पर लाइनमैन था। 22 फरवरी को वह ड्योढ़ीघाट में फाल्ट ठीक करने गया था। तभी करंट लगा था।

**नमन** कांग्रेस ने राष्ट्रीय अखंडता को चोट पहुंचाने का प्रयास किया

# महान विचारक-शिक्षाविद थे श्यामा प्रसाद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक देश, एक प्रधान, एक विधान, एक निशान के मुद्दे और भारत की अखंडता को लेकर अपना बलिदान दिया था। यह बात सोमवार को भाजपा फतेहपुर जिले के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश बाजपेई ने डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर भाजपा दक्षिण जिला इकाई द्वारा आयोजित संगोष्ठी में कही। मुख्य अतिथि दिनेश बाजपेई, विधायक महेश त्रिवेदी एवं रघुनंदन सिंह भदौरिया ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के सामने पुष्पांजलि अर्पित की। विधायक महेश त्रिवेदी ने कहा कि भाजपा सरकार ने डॉ. मुखर्जी के सपनों को साकार किया है। पूर्व विधायक रघुनंदन सिंह भदौरिया कौशल किशोर दीक्षित आसकरण संखवार, दीपांकर मिश्रा, रामदेव शुक्ला, विनोद शुक्ला ,विनोद मिश्रा, रीता शास्त्री, विजया तिवारी, पुष्पा तिवारी, गणेश शुक्ला, राजन चौहान,अर्चना आर्या, अनुराग शुक्ला, आदि मौजूद रहे।




दिनेश बाजपेई ने संगोष्ठी को संबोधित किया। अमृत विचार

### उत्तर में भी हुई संगोष्ठी

**कानपुर।** भाजपा उत्तर द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस के अवसर पर जिला अध्यक्ष अनिल दीक्षित की अध्यक्षता में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज आजाद नगर में संगोष्ठी हुई। क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक कुशल शिक्षाविद्, प्रखर वक्ता और राजनेता थे। अनिल दीक्षित ने कहा कि डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने दो विधान दो निशान और दो प्रधान और धारा 370 का विरोध करते हुए अपने प्राणों का बलिदान कर दिया। संगोष्ठी में अवधेश सोनकर, संतोष शुक्ला, जितेंद्र विश्वकर्मा, अनुराग शर्मा, उमेश निगम आदि मौजूद रहे।



सीएमओ डॉ .उदयनाथ को पुष्प भेंटकर स्वागत करते फार्मासिस्ट।

# डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने सीएमओ का स्वागत किया

**कानपुर।** रामादेवी स्थित सीएमओ कार्यालय में डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिशन के पदाधिकारी पहुंचे, यहां पर फार्मासिस्टों ने सीएमओ डॉ.उदय नाथ का स्वागत व सम्मान किया। इसके बाद सीएमओ ने फार्मसिस्टों के साथ बैठक की। सीएमओ ने फार्मासिस्टों से जरूरी सामग्री व दवा के संबंध में जानकारी ली और दवा, ग्लूकोस आदि का स्टाक कम होने से पहले ही आवेदन करने को कहा। इस दौरान अध्यक्ष दिलीप सचान, जिलामंत्री विवेक यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीबी सचान, संगठन मंत्री नगेंद्र बाजपेई, विमल श्रीवास्तव, देवेंद्र कुमार, अर्पित सचान, विकास सचान, विजय सिंह, अजय सिंह मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मेरे पुत्र राकेश साहू व उसकी पुत्रियाँ सविता साहू, पायल साहू व एक पुत्र आदित्य साहू का व्यवहार मेरे प्रति बहुत ही खराब हो गया है, ये लोग हर तरह से मुझे प्रताड़ित व अपमानित करते हैं जिससे मुझे मानसिक पीड़ा होती है अत: मैं अपने पुत्र राकेश साहू व पौत्रियो व पौत्र से सम्बन्ध विच्छेद कर उन्हें अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूँ, अपने कृत्यों व लेनदेन के लिये वे लोग स्वंय जिम्मेदार होगें। **जगदेव प्रसाद पुत्र श्री धनीराम निवासी- 555क/495 सर्वांगीण विकास इन्टर कालेज के पास, कनौसी, मानक नगर, लखनऊ,**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **दिनेश कुमार पुत्र नत्थू निवासी ............मो0 बखरिया टोला नगर पंचायत बेलहरा थाना मो0 पुर खाला तहसील पतेहपुर जिला- बाराबंकी** । मैने अपने पुत्र शुभम के क्रिया कलापों से परेशान होकर उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है उससे अब मेरे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहा है । अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित करना है कि मेरा एमए प्रथम वर्ष (एमएलके पीजी कालेज बलरामपुर) वर्ष 2021, अनुक्रमांक 21801430110010 का अंकपत्र कहीं गुम हो गया है। **मुस्कान श्रीवास्तव पुत्री भूपेंद्र कुमार श्रीवास्तव, मुहल्ला पूरबटोला, तहसील व जनपद बलरामपुर**

**सूचना**
सूचना मैने अपना नाम SALMAN KHAN से बदलकर MOHD SALMAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। FATHER NAME-MOHAMMAD YAQOOB ADD-147/13 GOIN TOLA AMINABAD DIST-LUCKNOW -226018 (U.P)

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **कन्धई सुत्त स्व0 दुखी, निवासी- ग्राम व पो0-पतीपुर थाना शिवगढ़ तहसील लम्भुआ जिला सुलतानपुर** , मेरे बेटे व बहू का चाल-चलन ठीक नहीं है उक्त दोनों पति-पत्नी मेरी सेवा सुश्रुवा दवा इलाज नहीं कराते है इसलिए मैने अपने बेटे देवी लाल सुत व बहू शोभावती पत्नी देवीलाल पुत्री सरजू प्रसाद निवासी उपरोक्त को अपने पूरे होशो हवास में अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं तथा इनके द्वारा भविष्य में किए गये किसी भी कुकृत्य या असामाजिक कार्य से मेरा कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा ।

**आज का मौसम**

तेज हवाओं, गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

33.0° अधिकतम तापमान | 27.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:17 | सूर्यास्त 07:05

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS •MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999



आईआईटी के दीक्षांत समारोह में पदक पाने के बाद मेधावियों ने यूं खुशी मनाई। अमृत विचार




मेधावी छात्र-छात्राओं ने विक्ट्री निशान बनाकर सफलता का जश्न मनाया। सभी फोटो मनोज तिवारी

# तलिन को प्रेसिडेंट, कलश-ध्रुव को डायरेक्टर्स गोल्ड मेडल

## आईआईटी के दीक्षांत समारोह में 2848 मेधावियों को मिलीं उपाधियां, रिजर्व बैंक के गवर्नर ने युवाओं को दी सीखते रहने की सीख

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) कानपुर का सोमवार को दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। समारोह में 2,848 मेधावियों को उपाधियां प्रदान की गईं। मेधावियों को प्रेसिडेंट गोल्ड मेडल, डायरेक्टर गोल्ड मेडल सहित अन्य मेडल दिए गए। कंप्यूटर साइंस व इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट से तलिन गुप्ता को प्रेसिडेंट गोल्ड मेडल हासिल हुआ। कलश तलाटी को डायरेक्टर्स गोल्ड मेडल से नवाजा गया। कलश को फिजिक्स में तो इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में ध्रुव मिश्रा को भी डायरेक्टर गोल्ड मेडल हासिल हुआ। रतन स्वरूप मेमोरियल प्राइज से कंप्यूटर साइंस के छात्र वरुण टोकस को नवाजा गया। डॉ. शंकर दयाल शर्मा मेडल से कैमेस्ट्री के छात्र अभिषेक कुमार यादव को सम्मानित किया गया। गुरुजनों ने मेधावियों को दीक्षा देकर कहा कि अब संस्थान की ख्याति को कायम रखना आप के हाथों में है।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा शामिल हुए। संस्थान के निदेशक प्रो मणींद्र अग्रवाल ने आईआईटी कानपुर का इतिहास और उपलब्धियां बताईं। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि संस्थान से डिग्री मिलने के बाद यह अंत नहीं बल्कि शुरुआत है। यह डिग्री सिर्फ पहली नौकरी पाने की एक सीढ़ी है। अभी जीवन में कई पड़ाव आने बाकी हैं। सफलता हासिल करने के लिए लगातार सीखते रहना जरूरी है। प्रश्न पूछने की आदत कभी नही छोड़नी चाहिए। प्रश्न पूछने से नए आइडिया सामने आते हैं और समस्या का समाधान मिलता है। उन्होंने युवाओं को 'चैलेंज' लेने से पीछे न हटने भी की सीख दी।



तलिन गुप्ता को मेडल देते मुख्य अतिथि आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा, साथ में प्रो. मणिंद्र अग्रवाल।



मेडल हासिल करते हुए ध्रुव मिश्रा। अमृत विचार



मेडल हासिल करते हुए कलश तलाटी।




दीक्षांत समारोह में छात्राओं का जोश देखते ही बना। अमृत विचार

### भरोसा कभी न तोड़ना

- रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने हमेशा भरोसा बनाए रखने की भी युवाओं को सीख दी। कहा कि भरोसा ही हर रिश्ते की नींव है। वह भरोसा ही है जो पति-पत्नी, भाई-भाई, माता-पिता जैसे रिश्तों को हमेशा बनाए रखता है। यही भरोसा नौकरी, शोध या फिर प्रतियोगी या चैलेंज देने वालों के बीच होता है। समाज में हर रिश्ता भरोसे पर टिका है। इसलिए उसे कभी नहीं तोड़ना चाहिए।

### अभिभावकों का संघर्ष सदा याद रखें बच्चे

- मुख्य अतिथि ने युवाओं को अभिभावकों के संघर्ष व सपोर्ट को भी कभी न भूलने की सीख दी। उन्होंने कहा कि अभिभावकों ने अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए तमाम संघर्ष किए होंगे। यह संघर्ष शायद युवाओं को भी न पता हो। इसलिए हमेशा अपने अभिभावकों का सम्मान करना चाहिए।

### 300 छात्रों को पीएचडी

- दीक्षांत समारोह में तीन सौ छात्रों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। संस्थान के निदेशक प्रो मणींद्र अग्रवाल ने कहा कि ऐसा पहली बार हो रहा है जब संस्थान में पीएचडी उपाधि प्रदान करने वाले छात्रों का आंकड़ा तीन सौ के पार पहुंच रहा है।

### यूरोप में हासिल करेंगे उच्च शिक्षा



- प्रेसिडेंट गोल्ड मेडल हासिल करने वाले तलिन गुप्ता यूरोप में उच्च शिक्षा हासिल करने की योजना बना रहे हैं। फिलहाल उन्हें भारत में ही 1.2 करोड़ रुपये सालाना वेतन की नौकरी हासिल है। उनका कहना है कि नौकरी में बेहतर करने के बाद ही वे शिक्षा के लिए यूरोप में जाएंगे। पठानकोट पंजाब के रहने वाले तलिन के पिता यशपाल गुप्ता बिजली विभाग से रिटायर हैं। मां रमन गुप्ता शिक्षिका हैं। तलिन ने बताया कि बेहतर प्रदर्शन के लिए पढ़ाई के साथ ही मस्ती भी जरूरी है। उन्होंने बताया कि संस्थान में तनाव को दूर करने के लिए दोस्तों के साथ लगातार बातचीत करते रहना बहुत जरूरी है।

### अब विदेश से करेंगे पीएचडी



- डायरेक्टर्स गोल्ड मेडल हासिल करने वाले छात्र कलश तलाती विदेश से पीएचडी करना चाहते हैं। उनका कहना है कि भारत में पीएचडी के लिए फिलहाल तकनीक की कमी है। इसलिए विदेश जाकर पढ़ाई का मन बनाया है। इंदौर निवासी कलश ने बताया कि फिलहाल वे अपनी जॉब पर फोकस करेंगे। उन्हें 50 लाख रुपये सालाना की नौकरी हासिल हुई है। उन्होंने बताया कि दो साल देश में नौकरी करने के बाद ही वे आगे की पढ़ाई करेंगे। उनके पिता मनीष तलाटी व्यापारी व मां रैना तलाटी गृहणी हैं।

### आईएएस अधिकारी बनना है लक्ष्य



- डायरेक्टर्स गोल्ड मेडल हासिल करने वाले ध्रुव मिश्रा का कहना है कि वे अब अपना फोकस यूपीएससी की ओर करेंगे। उनका कहना है कि वे एक आईएएस अधिकारी बन देश सेवा करना चाहते हैं। उनका मानना है कि देश सेवा के लिए सिविल सेवा से बेहतर कोई और विकल्प फिलहाल उन्हें नहीं दिखाई देता। लखनऊ निवासी ध्रुव मिश्रा के पिता शरद मिश्रा सेंट्रल जीएसटी में सुप्रिटेंडेंट है। उनकी मां सरिता मिश्रा गृहणी हैं। ध्रुव की 30 लाख रुपये सालाना की नौकरी लगी है। वे कॉरपोरेट से सीखकर उसकी अच्छाई आम लोगों तक पहुंचाना चाहते हैं।

## एक नजर

### वॉटर पार्क के पूल में डूबने से युवक की मौत

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के सनिगवां स्थित द वॉटर बॉक्स वाटर वॉल में रविवार देर रात दोस्तों संग पार्टी करने गए युवक की पूल में डूबने से मौत हो गई। जानकारी पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। परिजनों को सूचना देने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। यशोदा नगर निवासी शैलेन्द्र सिंह का इकलौता बेटा शिखर सिंह (24) था। वह नगर निगम की ठेकेदारी करता था। परिवार में पिता के अलावा मां बीनू और बहन अनामिका है। शिखर के दोस्तों ने बताया कि रविवार देर रात वे लोग पार्टी करने सनिगवां स्थित वाटर वॉल वॉटर पार्क आये थे। जहां पूल में नहाने के दौरान शिखर डूब गया। जिससे उसकी मौत हो गयी। घटना की जानकारी पाकर परिवार में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और तहरीर मिलने के बाद रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### 25 को होगा चुनाव

**कानपुर।** यूपी किराना सेवा समिति के त्रैवार्षिक चुनाव व मतगणना 25 जून को सुबह 11 बजे से शाम 8 बजे तक होगी। चुनाव में18 सदस्यों को चुनने के लिए 33 प्रत्याशी भाग ले रहे है। जिसमें नयागंज किराना बाजार के 220 प्रतिष्ठानों के सदस्य अपने मताधिकार का प्रयोग करेगें। चुनाव का समय सुबह 11 से शाम 4 बजे तक रखा गया है।

### संसद में दलित, मुस्लिम, किसानों की समस्याएं उठाएंगे

**कानपुर।** आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद चन्द्रशेखर आजाद से भारतीय किसान यूनियन (भानू) की टीम ने लखनऊ में मुलाकात की। दलित, मुस्लिम, किसानों की समस्याओं के साथ ही जनसमस्याओं को हल कराने पर चर्चा की। संसद से सड़कों तक आवाज उठाई जाएगी। राष्ट्रीय सचिव कारी अब्दुल मुईद चौधरी ने किसान, दलित, मुस्लिमों की समस्याओं के अतिरिक्त एम.एस.पी, कर्ज माफी, खाद व बीज की उपलब्धता और कृषि नीतियों पर चर्चा की।



### संस्कार, शिक्षा और आशीर्वाद

परिवार के संस्कार और गुरु शिष्य की दीक्षा में शुभाशीष की परम्परा की झलक आईआईटी. कानपुर के दीक्षांत समारोह के मंच पर दिखी जब मेधावी छात्रों ने सर्वप्रथम गुरुजनों व अतिथि के चरण स्पर्श किए। गुरुजनों व अतिथि ने मेधावी छात्र के सिर पर अपने हाथ रखकर उनको आशीर्वाद देकर गुरु शिष्य की परम्परा निभाई।

● अमृत विचार

### 27 को जा रहे विदेश

- डॉ. शंकर दयाल शर्मा मेडल विजेता अभिषेक कुमार यादव 27 को अमेरिका अपनी आगे की पढ़ाई के लिए जा रहे हैं। देवरिया निवासी अभिषेक ने बताया कि उन्हें इस उपलब्धि तक पहुंचाने के लिए उनके पिता राम प्रवेश यादव ने काफी संघर्ष किया है। उनके पिता एसबीआई में कार्य करते हैं व उनकी मां विद्यावती देवी गृहणी है। अभिषेक ने बताया कि उनका प्रवेश इहाहो विश्वविद्यालय में हो गया है। वे अब वहां पर डिफेंस सेक्टर में उपयोग होन वाले मटेरियल पर शोध करेंगे।



अभिषेक यादव।

### पति को मिली डिग्री तो पत्नी को खुशी

- हाथ में डिग्री लिए पति को देख पत्नी ने अपने मोबाइल फोन के कैमरे से पति के इन स्वर्णिम अवसर को कैद कर संजोया। उड़ीसा की रहने वाली शुभाश्री शुभास्मिता के पति सुजीत कुमार मुदुली को पीएचडी की डिग्री मिली जिसे देख पत्नी शुभाश्री शुभास्मिता के चेहरे पर खुशी खिली। आई.आई.टी. कानपुर के दीक्षांत समारोह में सुजीत कुमार मुदुली को कंप्यूटर साइंस आउट स्टैंडिंग की पीएचडी की डिग्री प्रदान की गई।



पति सुजात कुमार की फोटो खींचतीं सुभश्री। अमृत विचार

## परिवार संग मिली खुशी



पिता और भाई के साथ मेडल जीतने की खुशी साझा की। अमृत विचार

मेधावियों को मिली उपाधियों की खुशी युवाओं ने अपने परिवार संग भी जाहिर की। अपने बच्चों को मेडल पाते हुए देखने के लिए बड़ी संख्या में अभिभावक समारोह में शामिल हुए थे। मेडल लेने के बाद बाहर आए युवाओं ने अपने परिवार संग खुशियां मनाई। इस दौरान सभी ने यह पल कैमरों में कैद किया।

### आईएएस की तैयारी शुरू

- रतन स्वरूप मेमोरियल प्राइज हासिल करने वाले दिल्ली निवासी वरुण टोकस ने खुद को आईएएस के रूप में देखने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। वरुण ने बताया कि फिलाहाल उनके पास 80 लाख रुपये वेतन की नौकरी है। इसके लिए भी वे थोड़ा फोकस कर अनुभव हासिल करेंगे। वरुण के पिता प्रवीण टोकस एक व्यापरी है और उनकी मां पूनम टोकस एक गृहणी है। उन्होंने बताया कि उनकी शिक्षा में उनके अभिभावक का काफी सहयोग किया है।



वरुण टोकस।

## उत्साह से लबरेज युवा



संस्थान में डिग्री मिलने के बाद युवा उत्साहित दिखे। उन्होंने कैप उछालकर अपने उत्साह का प्रदर्शन भी किया। इस दौरान युवाओं ने सेल्फी खींच हमेशा के लिए यह यादगार पल अपने मोबाइल कैमरों में कैद किया। उधर अपने मित्रों से बिछड़ने पर कई युवाओं की आंखे भी नम हुई। बाकी साथियों ने गले लगकर एक दूसरे को ढांढस बंधाया।

डिजाइनिंग विपिन जायसवाल




आपात काल के दौरान प्रदर्शन करते लोग। फाइल फोटो



आपात काल के दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री और संजय गांधी का जलवा था।

# जेल में मशाल जुलूस, पकड़-पकड़ कराई थी नसबंदी

- आपातकाल के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर लिख दिया गया था, 'राजनीति और राजनीतिक बातें न करें
- समारोहों की अनुमति के लिए लिखकर देना पड़ता था कि मैं संजय गांधी की नीतियों का समर्थन करता हूं
- कानपुर की जेल में बंद थे आपातकाल के विरोधी 460 नेता और कार्यकर्ता

शैलेश अवस्थी, कानपुर

**अमृत विचार।** देश में 25 जून 1975 को लागू किए गए आपातकाल को याद कर लोग अब भी सिहर उठते हैं। तब कानपुर जेल में आपातकाल के 460 विरोधी बंद थे और शहर में बेहद दहशत का माहौल था।

विधायक नीलिमा कटियार बताती हैं कि तब वह तीन साल की थीं और जनसंघ की नेत्री अपनी मां प्रेमलता कटियार के साथ जेल गई थीं। मां सुबह तैयार कर पुरुष बैरक में भेज देतीं और वहां खिलौने की मानिंद रामदेव शुक्ला सहित अन्य बंदी उन्हें कंधे पर बैठा कर सैर कराते। तब की खूंखार डकैत माया ठाकुर भी उन्हें प्यार करती और सूखी रोटी से कबूतर मारना सिखाती थीं।

जेल में फटे कपड़ों को डंडों में लपेट कर मशाल बनाई जाती और जुलूस निकलकर इंदिरा विरोधी नारे लगाए जाते थे। संघ की पहली प्रचारिका रेखा राजे भी जेल में थीं, जिन्होने छूटने के बाद बाल शाखा का गठन किया था। भाजपा नेता हरीश मतरेजा बताते हैं कि चाय-पान की दुकानों, होटलों और सार्वजनिक स्थानों में लिखा रहता था, राजनीति और राजनीतिक बातें करना मना है। उनके साथ रेवती रमन, बाबूराम शुक्ला, संतोष शुक्ला, भूषण लाल, रामदेव शुक्ला, गोपाल सहित जनसंघ और अन्य विपक्षी दलों से जुड़े सैकड़ों नेता और कार्यकर्त्ता जेल भेज दिए गए थे।



विधायक नीलिमा कटियार।



हरीश मतरेजा। अमृत विचार

### नसबंदी का दबाव, बुजुर्ग भी परेशान

परिवार नियोजन के लिए अधिकारियों को लक्ष्य दिए गए थे। लोगों को पकड़-पकड़ कर नसबंदी की जा रही थी। 65-70 साल तक के बुजुर्ग भी चपेट में आ गए थे। कोटा, परमिट और लाइसेंस तभी मिलता था, जब नसबंदी के दो केस लाओ। कुछ कुवांरों की भी नसबंदी कर दी गई थी। देश में 80 लाख से अधिक लोगों की नसबंदी की गई थी।

### संजय गांधी के समर्थन का पत्र जरूरी

- हरीश मतरेजा बताते हैं कि अखंड रामायण हो या सुन्दरकाण्ड का पाठ या फिर कोई और समारोह, प्रार्थनापत्र पर लिखकर देना होता था कि हम संजय गांधी की नीतियों और उनके पांच सूत्रीय कार्यक्रम का समर्थन करते हैं। तभी तय समय के लिए अनुमति दी जाती थी।




### जेल में मस्ती, हंसी-ठिठोली और योजना

- जेल में विभिन्न आपराधिक मामलों में बंद 50 कैदियों की ड्यूटी थी जो आपातकाल के विरोध पर बंद थे। वे बढ़िया भोजन बनाते और फिर सब साथ खाते। कई का वजन बढ़ गया था। हरीश बताते हैं उनका वजन भी डेढ़ किलो बढ़ा था। बाहर बेहद दहशत थी तो जेल में मस्ती का माहौल था। कई लोग तो जमानत के बाद दूसरी और तीसरी बार भी जेल गए थे।

### ट्रेनें समय पर, सरकारी दफ़्तरों में भी सब राइट टाइम

- आपातकाल का एक पहलू यह भी है कि घंटों लेट रहने वाली ट्रेनें बिल्कुल समय पर चलने लगीं थीं। सरकारी कर्मचारी और अधिकारी समय पर दफ्तर पहुंचते थे। क्या मजाल जो कोई घूस मांगने की हिम्मत करे। कांग्रेसियों ने इसे अनुशासन पर्व कहकर प्रचारित किया था। यह अलग बात है कि कांग्रेस सरकार चली गई और जनता पार्टी की सरकार बनी।

# अब सीधे खेतों तक पहुंचेगा पानी

## ककवन- फत्तेपुर कुलावा की सफाई होने से किसानों में दौड़ी खुशी की लहर



जेसीबी के द्वारा की जाती कुलावा की सफाई। अमृत विचार



खेतों के बीच से खोदा गया कुलावा। अमृत विचार

संवाददाता बिल्हौर

- पूर्व जिला पंचायत सदस्य पति अखिलेश ने की थी विधायक से कुलावा की सफाई की मांग

**अमृत विचार।** लंबे समय से जल निकासी की समस्या से जूझ रहे ककवन और फत्तेपुर के किसानों के लिए राहत भरी खबर है। ककवन नहर से फत्तेपुर गांव को जाने वाले लगभग तीन किलोमीटर लंबे कुलावा की सफाई का कार्य पूरा हो गया है, जिससे अब खेतों तक सीधे पानी पहुंच सकेगा। इस कार्य से क्षेत्र के किसानों में खुशी का माहौल है। किसानों ने बताया कि नाले की सफाई न होने के कारण बारिश के दिनों में खेतों में पानी भर जाता था, जिससे फसलों को काफी नुकसान होता था। सिंचाई के लिए भी उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इस समस्या को लेकर कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही थी। पूर्व जिला पंचायत सदस्य पति अखिलेश अवस्थी ने बताया कि उन्होंने क्षेत्रीय विधायक राहुल बच्चा सोनकर से इस संबंध में कई बार लिखित शिकायत की थी। विधायक के प्रयासों के बाद सिंचाई विभाग ने कुलावा की सफाई का कार्य कराया है। नाले की सफाई से अब खेतों में आसानी से पानी पहुंच सकेगा, जिससे किसानों की सिंचाई संबंधी समस्या का समाधान हो गया है। वहीं सिंचाई विभाग के जेई राघवेन्द्र कुमार ने बताया कि मामले में स्थानीय जनप्रतिनिधि के साथ घंसीनिवादा गांव के लोगों ने क्षेत्रीय विधायक से शिकायत की थी, जिसके बाद सिंचाई विभाग ने आवश्यकतानुसार डिंमाड के आधार पर नाले की सफाई करायी है।

# क्रोमियम की जांच को खून के नमूने लिए

**कानपुर।** स्वास्थ्य विभाग ने भूगर्भ दूषित क्षेत्र राखी मण्डी, जाजमऊ, रूमा, तेजाब मिल कैम्पस, नौरेया खेड़ा, पनकी इन्डस्ट्रियल एरिया मंन सोमवा को स्वास्थ्य शिविर लगाया। प्रभावी क्षेत्रों में रहने वाले 177 लोगों के खून में क्रोमियम, मरकरी एवं लेड की जांच के लिये सीरम नमूने लिये गये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. उदय नाथ व नोडल अधिकारी एनयूएचएम डॉ. यूबी सिंह, जनपदीय अर्बन हेल्थ कोआर्डिनेटर कमरूल अमीन ने जाजमऊ स्थित कैम्प का निरीक्षण भी किया। डॉ. उदय नाथ ने बताया कि वर्ष 2019 में राखी मंडी, जाजमऊ, पनकी इंडस्ट्रियल एरिया, रूमा ट्रीटमेंट स्टोरेज डिस्पोजल फैसिलिटी, तेजाब मिल कैम्पस क्षेत्र में हेवी मेटल क्रोमियम मर्करी फ्लोराइड की मात्रा यहां के लोगों के खून में पाई गई। जिसपर राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली द्वारा सुनवाई चल रही है। इस प्रकरण में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा की गई कार्यवाही व योजना पर जवाब मांगा गया है।

# ग्रामीण इलाकों के साथ-साथ शहरी इलाकों मे भी बढ़ाएं गश्त : एडीसीपी

दिशा-निर्देश

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** बिल्हौर में भाजपा नेता विक्रम मिश्रा के घर हुई लाखों रुपये की चोरी के मामले में सोमवार को पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया। एडीसीपी कपिल देव सिंह ने आज घटनास्थल का निरीक्षण किया और घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी ली। साथ ही थाना प्रभारी व अन्य पुलिस कर्मियों को ग्रामीण इलाकों के साथ शहरी इलाकों मे भी गश्त बढ़ाने को कहा।

चोरी की इस वारदात ने स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ा दी है। इसी के मद्देनजर, एडीसीपी कपिल देव सिंह ने बिल्हौर कोतवाली प्रभारी अशोक सरोज को तत्काल प्रभाव से और गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही, उन्होंने ग्रामीण इलाकों में तैनात बीट प्रभारियों को भी अत्यधिक सतर्क रहने और अपनी-अपनी बीट में निगरानी तेज करने के आदेश दिए।

निरीक्षण के दौरान, एसीपी अमर नाथ यादव भी मौजूद रहे। पुलिस का कहना है कि वे जल्द ही चोरों को पकड़ने और चोरी हुए सामान को बरामद करने में सफल होंगे। घटना के बाद से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पर दबाव बढ़ गया है।



घटनासथल पर पहुंच कर जांच पड़ताल करते एडीसीपी कपिल देव सिंह। अमृत विचार

### किसी करीबी का हाथ होने का शक

- भाजपा नेता विक्रम मिश्रा के घर हुई चोरी की घटना में पुलिस को अंदेशा है कि किसी करीबी व्यक्ति ने इस चोरी की घटना को अंजाम दिया है या फिर उसका सहयोग रहा होगा। क्योंकि उसको मालूम रहा होगा कि इस समय पूरा परिवार असम गया हुआ है तभी मौके का फायदा उठाते हुए चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। साथ ही सीसीटीवी का डीवीआर भी ले गया है। इसका मतलब है कि उसे घर में लगे कैमरों की भी जानकारी थी।



जिलाधिकारी को ज्ञापन देते व्यापारी। अमृत विचार

# कन्वेंशन सेंटर श्याम बिहारी के नाम पर रखने की मांग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पूर्व सांसद स्व. श्याम बिहारी मिश्रा स्मृति समिति ने जिलाधिकारी जेपी सिंह को ज्ञापन सौंपा और चुन्नीगंज में नवनिर्मित कन्वेंशन सेंटर का नामकरण पूर्व सांसद श्याम बिहारी मिश्र के नाम रखे जाने की मांग की। रालोद नेता सुरेश गुप्ता ने कहा कि श्याम बिहारी मिश्र ने कानपुर के विकास में अहम योगदान दिया था, लेकिन उनके नाम पर कन्वेंशन सेंटर नहीं किया जा रहा है। यह उनके साथ अन्याय है। इस अवसर पर सुनील बजाज, भाजपा नेता शैलेंद्र दीक्षित, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामदेव शुक्ल, कृपाशंकर त्रिवेदी आदि रहे।

# राज नारायण ने शिक्षा के लिये जीवन समर्पित किया

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** ककवन कस्बे के स्थानीय डीपीएसएन इंटर कॉलेज में शनिवार, 23 जून को विद्यालय के संस्थापक एवं पूर्व प्रधानाचार्य व प्रबंधक स्वर्गीय राज नारायण शुक्ल की पुण्यतिथि पर एक स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के तमाम शिक्षाविदों, बुद्धिजीवियों और गणमान्य व्यक्तियों ने स्वर्गीय शुक्ल के शिक्षा क्षेत्र में किए गए अभूतपूर्व योगदान को सराहा और उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा की।

कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने बताया कि स्वर्गीय राज नारायण शुक्ल ने ही डीपीएसएन. इंटर कॉलेज की स्थापना की थी, जो आज क्षेत्र में शिक्षा का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। उन्होंने न केवल इस विद्यालय की स्थापना की, बल्कि इसे एक उच्च स्तरीय शिक्षण संस्थान बनाने में अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। वक्ताओं ने उनके त्याग, दूरदर्शिता और शिक्षा के प्रति उनके अटूट समर्पण को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर पूर्व विधायक कमलेश दिवाकर, पूर्व प्रधानाचार्य वाचस्पति शास्त्री, तथा प्रसिद्ध अभिनेता एवं भागवताचार्य रामबाबू द्विवेदी मयंक सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। सभी ने स्वर्गीय शुक्ल के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ और उपस्थित लोगों द्वारा स्वर्गीय राज नारायण शुक्ल को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के साथ हुआ।

उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा कि स्वर्गीय शुक्ल द्वारा प्रज्ज्वलित शिक्षा की यह ज्योति सदैव आलोकित रहेगी और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। इस दौरान कार्यक्रम में संयोजक ललित शुक्ला, प्रधानाचार्य दिनेश चन्द्र द्विवेदी, पूर्व उप प्रधानाचार्य शंभू शरण शुक्ला, पूर्व जिला पंचायत सदस्य बब्लू अग्निहोत्री सुबोध कटियार, पूर्व जिल पंचायत सदस्य अखिलेश अवस्थी, ओम नरायन शुक्ला, शिक्षक हेमन्त यादव ब्रजेश पाल व वाचस्पति शास्त्री मौजूद रहे।




मंच पर मौजूद मुख्य अतिथि व आयोजक। अमृत विचार

## सार-संक्षेप



श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते भाजपाई। अमृत विचार

### भाजपाइयों ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद

**चौबेपुर।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर सोमवार को भाजपाइयों ने उनके कार्यों और विचारों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर डॉ मुख़र्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर वक्ताओं ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला। भाजपा नेताओं द्वारा कस्बे में आयोजित कार्यक्रम के दौरान निवर्तमान मंडल अध्यक्ष अमिताभ त्रिपाठी ने व अन्य नेताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी साथ ही नारा लगाया कि जहां हुए बलिदान मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है। कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने कहा कि भारत की एकता और सम्मान के लिए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान अनंत काल तक देशवासी याद रखेंगे। इस मौके पर जिला किसान मोर्चा जिला मंत्री तनू पांडे, अरविंद, विजय मिश्रा, उत्कर्ष अग्निहोत्री व रानू पांडे आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### कलम पौधरोपण अभियान प्रारंभ

**बिठूर।** प्रदूषण मुक्त हो हमारी धरती मां इस संकल्प के साथ कलम एक स्वैच्छिक संस्था ने पौधरोपण अभियान प्रारंभ किया। इस अभियान में 5100 पौधे लगाए जाएंगे। यह वृक्ष फलदार छायादार होंगे जो की फल देने के साथ पर्यावरण को शुद्ध करने में सहायक होंगे। प्रतिवर्ष की भांति संस्था ने अपने प्रधान कार्यालय पर चंदन के पौधे लगाकर अभियान प्रारंभ किया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे संजय स्वामी राष्ट्रीय संयोजक पर्यावरण एवं राष्ट्रीय सह संयोजक शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास ने कार्यक्रम की शुरुआत की। वहीं कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर अवनीश कुमार एवं डॉ. बिंदु सिंह के द्वारा चंदन के पौध लगाकर अभियान को प्रारंभ किया गया। संजय स्वामी ने कहा प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिवर्ष कम से कम दो पौधे लगाकर उनके पालन पोषण की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। इस अभियान की व्यवस्था हेतु संस्था के पदाधिकारी मुख्य रूप से सुरेंद्र सिंह राठौर, अनिलद्विवेदी, विकास तिवारी, मंजू मिश्रा, डॉ. सारिका त्रिवेदी, डॉ. विपिन शुक्ला, डॉ. विशाल का सहयोग रहा।

### पेंशनर्स को पहले से प्राप्त सुविधाएं जारी रखने की मांग

**कानपुर।** आल इंडियां स्टेट पेंशनर्स फेडरेशन के आवाहन पर सोमवार को संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित सैकड़ों पेंशनरों के हस्ताक्षरों से युक्त ज्ञापन (बुकलेट) समिति के मंडल संयोजक इंजी. एएन द्विवेदी ने कानपुर नगर के संयोजक के साथ जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह को दिया। ज्ञापन के माध्यम से पेंशनरों ने मांग की है कि पेंशनर्स को पहले से प्राप्त हो रही समानता व सुविधाओं को आगे भी जारी रखा जाए, जिससे पेंशनर्स पहले से प्राप्त सुविधाओं से वंचित न हो सकें। इस दौरान सेवानिवृत्त केस्को एमडी, एडीएम, संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य, चिकित्साधिकारी, मुख्य अभियंता, पुलिस अधीक्षक, जीएसटी आदि स्तर के कई अधिकारी, अधिकारी, पदाधिकारी, सदस्य और एसएन बाजपेयी, केबी अग्रवाल, अनिल कुमार मिश्रा, डॉ. सुरेश चन्द्र गुप्ता, डॉ. सुशील गुप्ता, विनोद गंगवार, मुनोज कुमार, संजीव चन्द्र गुप्ता, वीएस त्रिपाठी, नीरज पाण्डेय आदि रहे।

### आरपीएफ कमांडर बने एसएन पाटीदार

**कानपुर।** सेंट्रल स्टेशन पर एसएन पाटीदार को आरपीएफ कमांडर बनाया गया है। इससे पहले सेंट्रल स्टेशन पर बीपी सिंह कमांडर थे। कमांडर का कहना है कि स्टेशनों व ट्रेनों में अपराध रोकने के लिए जीआरपी के साथ मिलकर काम करेंगे। इसी प्रकार पनकी धाम स्टेशन पर रजनीश राय, अनवरगंज स्टेशन रितु और जीएमसी थाना में सुशील वर्मा को नियुक्ति मिली है।

बिजली की समस्या — रविवार दोपहर से बाधित हुई विद्युत आपूर्ति सोमवार अपराह्न बहाल हो पाई

# अघोषित कटौती से उपभोक्ता हलकान

संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार।** मामूली बारिश में ही क्षेत्र की बिजली व्यवस्था चरमराने लगी है। रविवार दोपहर से बाधित हुई आपूर्ति सोमवार अपराह्न बहाल हो पाई। इस दौरान उमस भरी भीषण गर्मी के चलते लोग बेहाल बने रहे। दिन-ब-दिन बदहाल होती जा रही विद्युत व्यवस्था को लेकर उपभोक्ताओं में विद्युत अधिकारियों व कर्मचारियों के प्रति रोष बढ़ने लगा है।

शासन स्तर से ग्रामीण क्षेत्र के लिए बिजली आपूर्ति के बाबत चाहे जितने फरमान जारी किए जा रहे हों, लेकिन पुराने ढर्रे पर चल रहे अधिकारियों की मनमानी से व्यवस्था में कोई सुधार होता नजर नहीं आ रहा है। यही वजह है कि प्रदेश मुखिया द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के लिए 18 घंटे अनिवार्य रूप से बिजली दिये जाने के निर्देश के बावजूद क्षेत्र को बमुश्किल 4 से 5 घंटे ही सुचारू रूप से बिजली मिल पा रही है। इधर बारिश शुरू होते ही दिक्कतें और भी बढ़ने लगी हैं। रविवार दोपहर रामा यूनिवर्सिटी के पास केबल बॉक्स जल जाने से क्षेत्र की आपूर्ति बाधित हो गई। दिनभर चले मरम्मत कार्य के बाद रात करीब 9:30 बजे इंडस्ट्रियल फीडर से आपूर्ति शुरू की गई, लेकिन आधे घंटे बाद ही पुनः बंद कर दी गई। रात भर बिजली की आवाजाही के उपरांत सुबह 6:00 बजे पुनः मरम्मत कार्य के लिए आपूर्ति पुनः बंद कर दी गई। इस तरह रविवार दोपहर 2:00 बजे से बाधित हुई आपूर्ति सोमवार अपराह्न 3:00 बजे बहाल हो पाई।



बिजली के पोल पर चढ़कर काम करता विद्युतकर्मी। अमृत विचार

समस्या के बाबत स्थानीय निवासी हिमांशू त्रिपाठी, बबलू त्रिवेदी, गोपालू शुक्ला, शोभित अग्निहोत्री, बाल जी बाजपेई, विकल्प तिवारी, पूर्णेंद्र गुप्ता व मनोज अग्निहोत्री आदि ने बताया कि इस समय बारिश के बाद निकल रही तेज धूप से उमस ज्यादा ही बढ़ गई है।

बताया कि जनप्रतिनिधि भी समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे। सबस्टेशन के अधिकारी उपभोक्ताओं का फोन रिसीव करना जरूरी नहीं समझते।ऐसे में सही जानकारी न मिल पाने से लोगों को परेशान होना पड़ता है। वहीं इस बाबत जानकारी पर अधिशासी अभियंता अभिषेक कुमार ने बताया कि बारिश के दिनों में फाल्ट की समस्या बढ़ जाती है। इधर सब स्टेशन को आने वाली मुख्य लाइन के तार टूटने से समस्या उत्पन्न हुई। जिसे दुरुस्त करा दिया गया।

# पैमाइश के लिए रिश्वत लेने में लेखपाल निलंबित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रिश्वत लेने एवं भूमि की मनमाने तरीके से नापजोख करके दूसरे को कब्जा दिलाने के आरोप में जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने चकबंदी लेखपाल कमलाकांत मौर्य को निलंबित कर दिया।

पिछले शनिवार को तहसील नर्वल में संपूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायत, जांच रिपोर्ट में दोषी पाए जाने के बाद ये कार्रवाई की गई। बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मोहम्मद असलम ने बताया कि शिकायतकर्ता राकेश प्रजापति ने आरोप लगाया था कि दो भूखण्डों की पैमाइश के एवज में चकबंदी लेखपाल ने 90 हजार की घूस ली। एक भूखण्ड की पैमाइश की जा चुकी थी जबकि दूसरे के लिए 20 हजार की अतिरिक्त मांग की जा रही थी। एक अन्य शिकायतकर्ता मनीष सिंह चौहान ने आरोप लगाया कि वरासत दर्ज कराने के लिए उक्त लेखपाल ने 20 हजार की मांग की। जिलाधिकारी ने जांच के आदेश दिए थे। जांच में दोषी पाए जाने पर चकबंदी लेखपाल कमलाकांत मौर्य को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

> प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। भ्रष्ट आचरण में लिप्त एवं न्यायसंगत मामलों को अनावश्यक रूप से लंबित रखने वाले कार्मिकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।
>
> -जितेंद्र प्रताप सिंह, जिलाधिकारी कानपुर नगर


सेंगुर नदी में युवक की तलाश करती एसडीआरएफ की टीम। अमृत विचार


सेंगुर नदी में जाल लगाकर युवक की तलाश करते लोग। अमृत विचार


जानकारी लेते एडीएम वित्त दुष्यंत कुमार मौजूद एसडीएम भूमिका यादव।

# 20 घंटे बाद सेंगुर में मिला युवक का शव, दूसरे की तलाश

## फत्तेपुर गांव के पास चेकडैम में नहाते समय डूबे थे दो युवक, एसडीआरएफ टीम तलाश में जुटी, एडीएम ने लिया जायजा

संवाददाता, मंगलपुर

**अमृत विचार।** फत्तेपुर गांव के पास दोस्तों के साथ रविवार को सेंगुर नदी के चेकडैम में नहाने के दौरान डूबे एक युवक का शव एसडीआरएफ ने बरामद कर लिया। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। जबकि दूसरे युवक की तलाश की जा रही है। मौके पर एडीएम, एसडीएम समेत पुलिस बल पहुंचा।

डेरापुर तहसील क्षेत्र के फत्तेपुर निवासी दीपक (27) व जरौली गांव निवासी रोहित (21) अपने अन्य दोस्तों के साथ रविवार दोपहर गांव के पास सेंगुर नदी के चेकडैम में नहाने गया था। इसी दौरान तीन युवक गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। जिसपर आसपास मौजूद लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद एक युवक को बचा लिया था। जबकि दीपक व रोहित का कोई सुराग नहीं लग सका। सूचना पर डेरापुर एसडीएम भूमिका यादव, थाना प्रभारी महेश कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे थे। स्थानीय गोताखोरों की तलाश के बावजूद युवकों का पता नहीं चल सका था। इसपर एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया। वहीं रेस्क्यू में देरी पर लोगों ने हंगामे का प्रयास किया था। जिसपर उन्हें समझाकर शांत कराया गया था। शाम को पहुंची


रोहित।


दीपक।

एसडीआरएफ टीम के कालपी प्लाटून कमांडर नर्मदेश्वर मिश्रा के नेतृत्व में तलाश शुरू की गई थी, लेकिन पता न चलने पर देर शाम सर्च अभियान बंद कर दिया गया था।

सोमवार को दूसरे दिन सुबह फिर नदी में तलाश शुरू की गई। मौके पर पहुंचे एडीएम वित्त एवं राजस्व दुष्यंत कुमार मौर्य ने जानकारी ली। घटना के करीब 20 घंटे बाद एसडीआरएफ ने रोहित का शव सेंगुर नदी से बरामद कर लिया। जानकारी पर मृतक की पत्नी हिमांशी, पिता विजय कुमार, भाई मोहित, दादी कैलाशी, बहन आकांक्षा आदि का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

वहीं नदी में डूबे दूसरे युवक दीपक की एसडीआरएफ देर शाम तक तलाश में जुटी रही। थाना प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। दूसरे युवक की तलाश कराई जा रही है।

### पहले भी हुई मौत, ताक पर सुरक्षा उपाय

बीती 14 जून को मंगलपुर थाना क्षेत्र के लालजी का पुरवा मुंडेरा किन्नर सिंह निवासी सरफराज का 17 वर्षीय पुत्र वाहिद सेंगुर नदी के चेकडैम में नहाते समय डूब गया था। जिससे उसकी मौत हो गई थी। इसके बावजूद सुरक्षा के कड़े इंतजाम नहीं किए गए। सपा नेताओं ने फत्तेपुर गांव के पास सेंगुर नदी के चेकडैम के आसपास सुरक्षा के उपाय न होने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि प्रशासन ने चेकडैम के आसपास बैरीकेटिंग, जाली या सुरक्षा के अन्य उपाय किए होते तो हादसा न होता। वहीं लोगों का कहना है कि पुलिस चेकडैम के पास हर रोज आती है और नहाने वाले लोगों को रोकती है, लेकिन लोग गर्मी से राहत पाने के लिए जान जोखिम में डालते हैं।

### जनप्रतिनिधियों ने पीड़ित परिजनों को बंधाया ढांढस

सेंगुर नदी में दो युवकों के डूबने की जानकारी पर रविवार को सपा सांसद जितेंद्र दोहरे, जिलाध्यक्ष अरुण यादव, हिम्मत सिंह यादव आदि मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिजनों को ढांढस बंधाया था। वहीं सोमवार को पूर्व विधायक मिथलेश कटियार, पूर्व ब्लॉक प्रमुख डेरापुर वेद ब्यास निराला ने मौके पर जानकारी ली और पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

# जेल में बंद तीन आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज

बिकरू कांड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** बिकरू कांड में शामिल जेल में निरुद्ध तीन आरोपियों की ओर से बचाव पक्ष ने अदालत में जमानत अर्जी दाखिल की थी। जिसकी सुनवाई करते हुए एंटी डकैती कोर्ट ने तीनों आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

बता दें कि कानपुर नगर के चौबेपुर क्षेत्र के बिकरू गांव में दो जुलाई 2020 को दबिश देने गई पुलिस टीम पर विकास दुबे गैंग ने फायरिंग कर दी थी। घटना में सीओ समेत आठ पुलिस कर्मियों की मौत हो गई थी, जबकि कई घायल हो गए थे। मामले में पुलिस ने 45-50 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। जिसकी सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट में चल रही है। मामले में जेल में निरुद्ध आरोपी जहान सिंह, गोपाल सैनी व रामू बाजपेई उर्फ रविंद्र की ओर से बचाव पक्ष ने अदालत में जमानत अर्जी दाखिल की थी। सोमवार को जमानत अर्जी पर सुनवाई दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता सीपी शुक्ला व पवनेश शुक्ला ने अदालत में आरोपियों के निर्दोष होने की दलीलें दीं। आरोपी रामू बाजपेई के अधिवक्ता सीपी शुक्ला ने तर्क रखा कि आरोपी का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है और उनका विकास दुबे गैंग से कोई संबंध नहीं रहा है। उसे मात्र बिकरू गांव का निवासी होने के कारण पुलिस ने मामले में जेल भेज दिया है। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से अदालत में आरोप पत्र के साथ 102 गवाहों की सूची पेश की गई है। जिसमें अभी तक मात्र 14 गवाहों को अभियोजन की ओर से अदालत में परीक्षित कराया गया। जिससे मामले का विचारण लंबी अवधि तक चलेगा। वहीं आरोपी करीब पांच साल से जेल में निरुद्ध हैं जमानत अर्जी स्वीकार की जाए। वहीं अभियोजन पक्ष की ओर से आरोपियों द्वारा जघन्य अपराध करने का तर्क देते हुए जमानत अर्जी खारिज करने की मांग की। अदालत ने दलीलें सुनने के बाद तीनों की जमानत अर्जी को खारिज कर दी।


# अमराहट थाने से डेढ़ सौ मीटर दूर लाखों की चोरी

संवाददाता, सिकंदरा

**अमृत विचार।** अमराहट गांव में रात को थाने से करीब डेढ़ सौ मीटर दूर घर की सीढ़ी का दरवाजा खोलकर घुसे चोरों ने लाखों के जेवरात व नकदी पार कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू की है।

अमराहट गांव के हरिबाबू अग्निहोत्री ने पुलिस को बताया कि उसके दो पुत्रों में छोटा बलराम परिवार सहित औरैया में रहता है। जबकि पुत्री अलका औरैया ससुराल से बीस दिन पूर्व अपने मायके अमराहट आई थी। रविवार रात चोर घर की सीढ़ियों का दरवाजा खोलकर अंदर घुस आए और दरवाजों का ताला तोड़ दिया। इसके बाद पुत्री के सोने की 6 अंगूठी, 2 जंजीर, 2 मंगलसूत्र, गले का एक हार, 2 जोड़ी कान के झाले व टोक्स, 4 चूड़ी, चांदी की पायल व कागजात समेत उसकी पत्नी मीरा देवी के सोने का एक मंगलसूत्र, एक अंगूठी, झुमकी, चांदी की दो जोड़ी पायल व हजार रुपये तथा बड़े पुत्र अनिल कुमार की पत्नी ममता का एक हार, 2 जोड़ी कान के झाले व टोक्स, 9 अंगूठी, चांदी की 2 जोड़ी पायल, करधनी, ब्रेसलेट व डेढ़ लाख रुपये चोरी कर ले गए। बताया कि चोरी के बाद चोर पीछे का दरवाजा खोलकर निकल गए। सोमवार सुबह घटना की जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी। इस संबंध में अमराहट थानाध्यक्ष राहुल कुमार ने बताया कि चोरी की घटना पर जांच पड़ताल की जा रही है। जल्द ही खुलासा किया जाएगा।


चोरी के बाद खुली पड़ी अलमारी दिखाता पीड़ित। अमृत विचार


चोरी के बाद घर में बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार

# वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की गई जान

संवाददाता, रनियां

● कानपुर के नवाबगंज का रहने वाला था युवक, विसायकपुर चौराहे के पास हुआ हादसा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के विसायकपुर चौराहे के समीप कानपुर से अकबरपुर की ओर जा रहे युवक को पीछे से वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उसे मेडिकल कालेज भेजा गया। जहां ईएमओ ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

कानपुर नगर के नवाबगंज निवासी मनीष सिंह (30) सोमवार को अपनी स्कूटी से अकबरपुर की ओर जा रहे थे। जब वह रनियां थाना क्षेत्र के विसायकपुर चौराहे के समीप पहुंचे। तभी पीछे से अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे मनीष हाईवे पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची रनियां थाना पुलिस ने तत्काल एंबुलेंस से घायल को उपचार के लिए मेडिकल कालेज अकबरपुर भेजा। जहां ईएमओ ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी संजय गुप्ता ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना देकर पंचनामा की कार्रवाई की जा रही है।

# चाइल्ड हेल्पलाइन को भटकती मिली बालिका

**कानपुर देहात।** जिला प्रोबेशन अधिकारी रेनू यादव ने बताया 20 जून को रूरा रेलवे स्टेशन जीआरपी ने 1098 कॉल सेंटर के माध्यम से एक चार वर्षीय अज्ञात बालिका की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन को थी। डीएम के निर्देश पर चाइल्ड हेल्पलाइन टीम रूरा रेलवे स्टेशन पहुंची। जीआरपी ने बताया कि बालिका काफी देर से रूरा स्टेशन में अकेले भटक रही थी। जिसपर चाइल्ड टीम ने बालिका को अपनी अभिरक्षा में ले लिया। बालिका छोटी होने के कारण अपने बारे में कोई भी जानकारी नहीं दे पा रही है। परियोजना समन्वयक रिचा तिवारी ने बताया गया कि बालिका को बाल कल्याण समिति के आदेशानुसार राजकीय दत्तक ग्रहण स्वरूप नगर कानपुर नगर में आश्रय दिलाया गया है। बालिका के बाल छोटे, रंग सांवला है और उसने हल्के बादामी रंग की टी-शर्ट व आसमानी रंग की हाफ पैंट पहनी है। बालिका के परिजनों की तलाश की जा रही है।


रूरा रेलवे स्टेशन से मिली बालिका।

# एक से संचारी, 11 जुलाई से चलेगा दस्तक अभियान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपदीय स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय व विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान, दस्तक अभियान की अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट में हुई। इस दौरान संस्थागत प्रसव बढ़ाने, आशाओं द्वारा गर्भवतियों की ट्रैकिंग, डाटा समय से एप पर अपलोड करने, मातृत्व मृत्यु दर में कमी, सीएचसी व पीएचसी में व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए।

सोमवार को समीक्षा के दौरान डीएम आलोक सिंह ने सभी एमओआईसी को संस्थागत प्रसव बढ़ाने के कड़े निर्देश दिए। कहा कि प्रसव के लिए अस्पताल पहुंचने वाली महिलाओं को त्वरित चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराई जाए। आशाओं के माध्यम से यह भी सुनिश्चित करें कि शत-प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का प्रसव संस्थागत रूप से हो। उन्होंने कहा कि आशाओं के मानदेय का समय से भुगतान कराया जाए। काम में लापरवाही करने वाली आशाओं पर कार्रवाई करें। वहीं आरबीएसके टीम कमजोर बच्चों का चिंहांकन कर उपचार करे। डीएम ने जिला चिकित्सालय में स्थापित एनआरसी का सुव्यवस्थित ढंग से संचालन, व ई-संजीवनी पोर्टल के माध्यम से सभी मरीजों का इलाज करने के निर्देश सीएमएस को दिए। सीएमओ डॉ. एके सिंह ने बताया कि जिले में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक जुलाई से 31 जुलाई तक तथा दस्तक अभियान 11 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा। जिसके संबंध में उन्होंने सभी कार्यालयाध्यक्षों को 28 जून तक अपनी कार्ययोजना भेजने को कहा। डीएम ने कहा कि यह अभियान मानसून के दौरान फैलने वाली बीमारियों जैसे दस्त (एक्यूट डायरियल डिजीजेज), दिमागी बुखार, मलेरिया व अन्य संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए शुरू किया गया है। दस्तक अभियान अंतर्गत आशा व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हर घर जाकर लोगों को बीमारियों से बचाव और समय पर उपचार के बारे में जागरूक करें। बैठक में सीडीओ लक्ष्मी एन, डीपीओ आरबी सिंह समेत एमओआईसी उपस्थित रहे।

### बैंकों की कम प्रगति पर डीएम खफा

सोमवार को डीएम आलोक सिंह ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के संबंध में अधिकारियों व बैंकर्स के साथ बैठक की। उन्होंने बैंकों द्वारा योजना में अपेक्षित प्रगति न किए जाने पर गहरी नाराजगी जताई। बैठक के दौरान पाया गया कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, सेंट्रल बैंक, केनरा बैंक, इंडियन बैंक, ग्रामीण बैंक, यूको बैंक, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक व आईसीआईसी बैंक द्वारा लक्ष्यानुसार ऋण स्वीकृति और वितरण कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। एलडीएम ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल प्राप्त लक्ष्य 2200 के सापेक्ष 1196 आवेदन पत्र बैंकों को प्राप्त हुए। जिसमें से 351 आवेदनों को स्वीकृत कर 338 आवेदनों में ऋण वितरण कर दिया गया है। डीएम ने एलडीएम को निर्देशित किया कि जिन बैंक शाखाओं द्वारा एक भी आवेदन पर कार्रवाई नहीं की गई है।

कार्यक्रम

अकबरपुर से ई-बसों का संचालन, अंतर्जनपदीय बसों के ठहराव की मांग

# परिवहन मंत्री ने नमस्ते चौराहा व बस स्टैंड का किया लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** प्रदेश के परिवहन मंत्री ने अकबरपुर में नमस्ते चौराहा व लोकतंत्र सेनानी स्व. संतोष शुक्ला बस स्टैंड का लोकार्पण किया। इस दौरान ई-बसों का संचालन अकबरपुर से करने, अंतर्जनपदीय बसों का बस अड्डे पर ठहराव आदि की मांग उठाई गई।

रविवार को प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने नगर पंचायत अकबरपुर में नमस्ते चौराहा व लोकतंत्र सेनानी स्व. संतोष शुक्ला बस स्टैंड का विधिवत लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जनसुविधाओं के विस्तार में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। नमस्ते चौराहा व लोकतंत्र सेनानी स्व. संतोष शुक्ला बस स्टैंड का विकास जनसामान्य की यात्रा को अधिक सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। बस स्टैंड का आधुनिकीकरण क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करेगा और स्थानीय व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रियों की सुविधा के लिए स्वच्छता, प्रकाश, बैठने की व्यवस्था और समय पर बस संचालन सुनिश्चित किया जाए। कार्यक्रम में चेयरमैन प्रतिनिधि गुड्डन सिंह ने ई-बसें बसों का संचालन अकबरपुर से करने, अंतर्जनपदीय बसों का बस अड्डे पर ठहराव, बसों का संचालन पुल के नीचे से करने आदि की मांग उठाई। परिवहन मंत्री ने आश्वासन दिया कि जो भी मांगें उठाई गई हैं। वह शीघ्र पूरी की जाएंगी। बस स्टैंड के आधुनिकरण व सुविधाओं को बढ़ाने के लिए और भी होंगी। परिवहन मंत्री ने बस स्टैंड परिसर में पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम में अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले, नगर पंचायत अध्यक्ष दीपाली सिंह, परिवहन विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।


अकबरपुर में नमस्ते चौराहा का लोकार्पण करते परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह मौजूद सांसद देवेंद्र सिंह भोले व अन्य। अमृत विचार


लोकतंत्र सेनानी स्व. संतोष शुक्ल बस स्टैंड का लोकार्पण करते परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह। अमृत विचार

# प्रतियोगी छात्र ने फंदा लगाकर दी जान

**रूरा।** थाना क्षेत्र के अंगदपुर गांव में प्रतियोगी छात्र ने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों ने दरवाजे की कुंडी काटकर शव बाहर निकाला। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की है।

अंगदपुर गांव निवासी सचिन (20) ने सोमवार को घर के पहले तल पर बने कमरे में पंखे के कुंडे से गमछा के सहारे फंदा लगा जान दे दी। पिता अशोक ने बताया कि सचिन सोमवार की सुबह में गांव के बाहर पेड़ से आम तोड़ने गया था। दोपहर में आने के बाद दुकान से बिस्किट लेने गया। इसके बाद अपनी मां से खाना लेकर ऊपर बने कमरे में चला गया। शाम को पत्नी पुत्र सचिन को बुलाने गई तो कमरे की कुंडी अंदर से बंद मिली। आवाज देने पर जब कमरा नहीं खुला तो जानकारी परिजनों को दी। इसपर कमरे की कुंडी काट कर दरवाजा खोला गया तो सचिन का शव फंदे से लटक रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

## सार-संक्षेप


रनियां में आधार कैंप का जायजा लेतीं राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला।

### राज्यमंत्री ने आधार कैंप का लिया जायजा

**रनियां।** कस्बा के कन्या जूनियर स्कूल में लगे आधार कैंप का राज्यमंत्री ने निरीक्षण कर निर्देश दिए। साथ ही चिटिकपुर चौराह के पास सहकारी समिति परिसर में रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा लगाए जाने वाले स्थान का निरीक्षण कर ईओ व लेखपाल से कार्य मे तेज़ी लाने को कहा। सोमवार को राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने रनियां कस्बे के कन्या जूनियर स्कूल में आयोजित 11 दिवसीय आधार कैंप का निरीक्षण किया। उन्होंने आए लोगों से वार्ता की। कैंप में दो काउंटर लगाकर नए आधार कार्ड बनाने व अपडेट का कार्य किया जा रहा है। एक काउंटर भारतीय डाक विभाग व दूसरा काउंटर भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा लगाया गया है। 19 जून से लगे कैंप में अब तक 500 से अधिक आधार संशोधन सहित नए आधार बनाए जा चुके है। राज्यमंत्री ने कहा कि आधार कैंप का लोग अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करें। इसके बाद उन्होंने रनियां के चिटिकपुर चौराहा स्थित सहकारी समिति परिसर में रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा लगाए जाने वाले स्थान का निरीक्षण कर लेखपाल प्रदीप गौर एवं अधिशासी अधिकारी मनीष राय से वार्ता की। राज्यमंत्री ने लेखपाल से मंगलवार को उनकी मौजूदगी में जगह की नाप करने की बात कही। इस दौरान प्रतिनिधि बउवा पांडेय, प्रधान संजय पांडेय, चेयरमैन प्रतिनिधि रामकिशोर दिवाकर, आलोक कुशवाहा, नितिन कुशवाहा, भारत यादव, आकाश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### तालाब में मिला मानसिक रोगी का शव

**कानपुर देहात।** अकबरपुर क्षेत्र में कोल्ड स्टोर के पीछे तालाब में एक युवक का शव पड़ा मिला। अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के ज्योतिष गांव निवासी लालजी कश्यप ने पुलिस को बताया कि उनका 22 वर्षीय पुत्र आनंद मानसिक रोगी था। वह बीती 21 जून को दवा लेने के लिए घर से निकला था। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटा। सोमवार को उसे जानकारी मिली की अकबरपुर में एक कोल्ड स्टोर के पीछे तालाब में युवक का शव मिला है। जिसपर वह मौके पर पहुंचा और मृतक की पहचान पुत्र के रूप में की। कोतवाल सतीश कुमार ने बताया कि पिता की तहरीर पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

### अधिवक्ता चैंबर निर्माण की धनराशि हड़पने का आरोप

**कानपुर देहात।** कचहरी में अधिवक्ता चैंबर निर्माण कर रही कार्यदायी संस्था राजकीय निर्माण निगम के दो अधिकारियों पर अनियमितता व आवंटित धनराशि को हड़पने का आरोप लगा पूर्व अध्यक्ष ने डीएम व एसपी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। माती कचहरी में लंबे अरसे से अधिवक्ता बिना चेंबर के न्यायालय बिल्डिंग के गलियारों बरामदों में बैठकर न्यायिक कार्य कर रहे हैं। इस समस्या को लेकर अधिवक्ताओं के संगठनों ने चेंबर की मांग करते हुए समय-समय पर अधिकारियों को ज्ञापन भी दिए हैं, लेकिन उनकी समस्या का आज तक हल नहीं निकला है। एकीकृत बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम कटियार ने बताया कि बीते वर्ष उनके कार्यकाल के दौरान संस्था ने अधिवक्ताओं की चैंबर समस्या के समाधान के लिए शासन प्रशासन से मांग उठाई गई थी। इसपर तत्कालीन जिलाधिकारी की ओर से परिसर में बनी जीर्ण-शीर्ण अधिवक्ता चेंबर बिल्डिंग को मरम्मत कर बैठने योग्य बनाए जाने के लिए एचबीटीआई के इंजीनियरों के पैनल से बिल्डिंग की जांच कराने के बाद चेंबर निर्माण व मरम्मत के लिए राजकीय निर्माण निगम के परियोजना प्रबंधक आरके गुप्ता व अवर अभियंता रमाकांत को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। साथ ही 98 लाख रुपये की धनराशि आवंटित की गई। निर्माण निगम के दोनों अधिकारियों ने 13 दिसंबर 2024 से चेंबर बिल्डिंग के मरम्मत का कार्य शुरू करा दिया था, जोकि 20 मार्च 2025 तक पूरा होना था, लेकिन दोनों अधिकारियों ने बिल्डिंग मरम्मत में अनियमितता बरती और मात्र पांच लाख रुपये खर्च कर आधा अधूरा कार्य कराया और शेष धनराशि हड़प ली।


गोष्ठी में मौजूद भाजपाई।

### डॉ. मुखर्जी के दिखाए मार्ग पर चल रही सरकार

**कानपुर देहात।** भाजपा की ओर से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पार्टी कार्यालय माती में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ डॉ. के चित्र पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्ज्वलित कर हुआ। सोमवार को गोष्ठी में भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने जीवन का पल-पल राष्ट्र की एकता, अखंडता और अक्षुणता को समर्पित किया। उन्होंने देश में 'एक विधान, एक निशान और एक प्रधान' की संकल्पना के लिए अथक संघर्ष किया और राष्ट्र के नाम अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनके दिखाए मार्ग पर चलकर मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 और 35ए को हटाया। जिलाध्यक्ष रेणुका सचान ने कहा कि वर्ष 1951 में डॉ. मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ की स्थापना की, जो बाद में भारतीय जनता पार्टी का आधार बना। देश में दो निशान, दो प्रधान और दो विधान नहीं चलेंगे, का नारा देने वाले डॉ मुखर्जी का वह नारा मोदी जी के नेतृत्व में सफल हुआ। राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि डॉ. मुखर्जी एक दक्ष राजनीतिज्ञ, विद्वान और स्पष्टवादी के रूप में थे।

# आरओबी कार्य स्थल पर क्रेन का पट्टा टूटने से श्रमिक की सरियों में दबकर मौत

संवाददाता, शुक्लागंज, उन्नाव

**परिजनों में कोहराम**

**बैराज मार्ग स्थित सरैया आरओबी निर्माण स्थल हुई घटना**

**अमृत विचार:** बैराज मार्ग स्थित सरैया आरओबी निर्माण स्थल पर सोमवार देर रात एक दर्दनाक हादसे में श्रमिक की मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, क्रेन के माध्यम से लगभग 30 क्विंटल सरिया को पट्टे से बांधकर एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जा रहा था। इसी दौरान पट्टा अचानक टूट गया, जिससे सरियों का गट्ठर नीचे खड़े श्रमिक के सिर पर जा गिरा। हादसा सोमवार रात करीब 09:45 बजे पीडब्ल्यूडी गिट्टी प्लांट के पास हुआ। क्रेन मरहला चौराहे की ओर जा रही थी और खीरी जनपद के थाना मैलानी स्थित लैलून नगर निवासी श्रमिक नेपाली (उम्र लगभग 45 वर्ष), जो नींबू लाल का पुत्र था, सरियों के गट्ठर को संतुलन देने का प्रयास कर रहा था। तभी पट्टा टूटने से भारी भरकम सरिया उसके ऊपर गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। क्रेन चालक और ठेकेदार मौके से फरार हो गए। अन्य श्रमिकों ने किसी तरह सरिया हटाकर शव को बाहर निकाला और गंगाघाट कोतवाली पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुँचे कोतवाली प्रभारी पी.के. मिश्रा ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मृतक के परिजनों को सूचना दी। इस दर्दनाक घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# सीएचसी में इंस्टाल हुई एक्सरे मशीन, मरीजों को मिला लाभ

संवाददाता, हसनगंज उन्नाव

**अमृत विचार प्रभाव**

**हसनगंज सीएचसी में एक साल से धूल खा रही थी एक्सरे मशीन**


मरीज हो रहे परेशान, सीएचसी में धूल खा रही एक्सरे मशीन

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।


सीएचसी में महिला मरीज का होता एक्सरे। अमृत विचार

**अमृत विचार:** हसनगंज सीएचसी में एक्सरे मशीन होने के बाद भी मरीजों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा था। इस गंभीर समस्या को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशित होने के बाद इसे संज्ञान में लेते हुए सोमवार को सीएचसी में एक्सरे मशीन इंस्टाल कर मरीजों का एक्सरे शुरू हो गया है। इससे मरीजों को सीएचसी में ही एक्सरे सुविधा मिलने के साथ उनका खर्च कम हो गया है।

बता दें कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसनगंज में दशकों से एक्सरे मशीन नहीं थी। करीब एक साल पूर्व बैंगलोर के प्रोग्नोसिस सेंटर से नई एक्सरे मशीन मंगवाई गई थी। जिसकी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया भी एईआरबी से पूरी हो गई थी। सीएचसी प्रभारी डॉ. प्रमोद ने अपने नाम से रजिस्ट्रेशन के लिए एप्लाई भी किया था लेकिन कंपनी के इंजीनियर ने बताया कि पूर्व में उन्नाव सीएमओ रहे डॉ. लालता प्रसाद के नाम इसका रजिस्ट्रेशन पहले ही हो चुका है और दोबारा रजिस्ट्रेशन करने पर यूजर आईडी में आमिर खान का नाम आ रहा था और ओटीपी भी मेल आईडी पर नहीं पहुंच पा रही थी। सीएचसी में एक्सरे मशीन होने के बाद भी मरीजों को इसका लाभ न मिल पाने की खबर को अमृत विचार ने बीते दिनों प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इसके बाद करीब एक साल का समय बीतने पर सोमवार को मशीन इंस्टॉल हुई और इस समस्या का समाधान हो सका।

सीएचसी में रोज करीब 400 मरीज ओपीडी में देखे जाते हैं। कई दर्जन गावों के लोगों को स्वास्थ्य लाभ भी सीएचसी से मिलता है। अब यहां आने वाले क्षय रोग व अन्य मरीजों को एक्सरे की सुविधा भी मिलनी शुरू हो गई है। जिससे मरीजों को प्राइवेट पैथोलॉजी में जाकर हजारों रुपये नहीं खर्च करने पड़ेंगे। सीएचसी में आने वाले मरीजों व उनके तीमारदारों ने इस समया को लेकर अमृत विचार के प्रयासों की सराहना की है।

## एक नजर

### देवर और भतीजे ने महिला को पीटा, पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**शुक्लागंज (उन्नाव):** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के भीमनगर मोहल्ले में पारिवारिक विवाद के चलते एक महिला के साथ मारपीट की घटना सामने आई है। महिला को उसके देवर और भतीजे ने लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। भीमनगर निवासी सोनी ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 22 जून की रात करीब 12 बजे पारिवारिक झगड़े को लेकर उसके देवर बब्लू और भतीजे अंशुल ने उस पर हमला कर दिया। लाठी-डंडों से की गई पिटाई में उसे कई जगह चोटें आईं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### अनुरक्षण कार्य के चलते आज 6 घंटे बंद रहेंगे 3 फीडर

**शुक्लागंज (उन्नाव:** गंगाघाट विद्युत उपकेंद्र पर मंगलवार को उपकरणों और ट्रांसफार्मरों के अनुरक्षण कार्य के चलते तीन प्रमुख फीडरों की बिजली आपूर्ति छह घंटे तक बंद रहेगी। अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड द्वितीय ने बताया कि शुक्लागंज से जुड़े गंगाघाट विद्युत उपकेंद्र पर मंगलवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक यार्ड में लगे संयंत्रों और ट्रांसफार्मरों का मरम्मत कार्य किया जाएगा। इस दौरान मिश्रा कॉलोनी फीडर, शक्तिनगर फीडर और फीडर-4 से जुड़े हजारों घरों की बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। विभाग ने लोगों से आवश्यक कार्य निपटाने की अपील की है, ताकि उन्हें असुविधा का सामना न करना पड़े।

### कोर्ट के निर्देश पर अपहरण व उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**शुक्लागंज (उन्नाव):** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आजाद नगर निवासी नन्हक्की ने बताया कि उसने अपनी बेटी खुशी की शादी 21 फरवरी 2025 को घोंघी गांव निवासी देशराज से की थी। शादी के कुछ समय बाद ही ससुरालीजन तीन लाख रुपये की मांग करने लगे। आरोप है कि मांग पूरी न होने पर 23 अप्रैल 2025 को उसकी बेटी को गायब कर दिया गया। महिला का आरोप है कि पुलिस में शिकायत करने के बावजूद कोई कार्यवाही नहीं हुई, जिस पर पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के निर्देश पर गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने सोमवार को पति देशराज, ससुर मेवालाल और चाचा महेश के खिलाफ दहेज उत्पीड़न व अपहरण की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

### एनपीएस की समस्या हल करने का दिया आश्वासन

**उन्नाव:** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) के प्रदेशीय उपाध्यक्ष हेमराज सिंह गौर के नेतृत्व में जिला पदाधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल जिला विद्यालय निरीक्षक सुनील दत्त से मिला और शिक्षकों की समस्याएं रखीं। जिन्हें जल्द से जल्द निराकरण कराने का आश्वासन दिया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने एनपीएस संबंधी समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करने की बात कही। यहां जिलाध्यक्ष शिवभान सिंह, उमाशंकर तिवारी, सतीशचंद्र मिश्रा, पूर्व प्रधानाचार्य हनुमंत सिंह, कोषाध्यक्ष शैलेश पाल, आरपी धारियां, राजकुमार गुप्ता रहे।

# गंगा का जलस्तर बढ़ने से चंपापुरवा में कटान तेज

**तहसीलदार, नायब तहसीलदार और लेखपाल ने लिया कटान क्षेत्र का जायजा, लोगों से की बातचीत**

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)


कटान स्थल का निरीक्षण करते तहसीलदार, नायब तहसीलदार और लेखपाल।

**अमृत विचार:** गंगा नदी का जलस्तर पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में हुई बारिश के चलते मामूली रूप से बढ़ा है, जिससे पश्चिमी क्षेत्र के चंपापुरवा बस्ती के सामने कटान की समस्या एक बार फिर गंभीर हो गई है। बीते कई वर्षों से यह इलाका गंगा की कटान से प्रभावित रहा है, और जलस्तर में उतार-चढ़ाव के साथ यह समस्या और विकराल हो जायेगी।

स्थानीय सभासद द्वारा स्थिति की जानकारी जिलाधिकारी को दिए जाने के बाद प्रशासन हरकत में आया। सोमवार को सदर तहसीलदार अरसला नाज, नायब तहसीलदार पूर्णिमा तिवारी और क्षेत्रीय लेखपाल अशोक सैनी ने कटान स्थल का निरीक्षण किया। टीम ने मौके पर मौजूद रहकर न केवल कटान की वास्तविक स्थिति को देखा, बल्कि तटीय क्षेत्र में रहने वाले लोगों से संवाद भी स्थापित किया। तहसीलदार अरसला नाज ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रशासनिक टीम क्षेत्र में पहुंची थी। कटान की गंभीरता को समझने के लिए सिंचाई विभाग के जूनियर इंजीनियर ने भी क्षेत्र का निरीक्षण किया है। उन्होंने बताया कि कटान को रोकने के लिए विभागीय स्तर पर पत्राचार किया जा रहा है, और जैसे ही उच्च अधिकारियों से निर्देश प्राप्त होते हैं, त्वरित कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा यह भी आश्वासन दिया गया है कि कटान प्रभावित क्षेत्र में हर संभव प्रयास किए जाएंगे ताकि बस्ती को किसी भी प्रकार की आपदा से बचाया जा सके। लोगों ने भी प्रशासन से जल्द से जल्द प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

### बारिश के चलते 47 सेमी बढ़ा गंगा का जलस्तर

**शुक्लागंज, अमृत विचार:** पहाड़ी और मैदानी क्षेत्रों में बारिश के चलते पश्चिमी क्षेत्रों के बांधों से पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। दो दिन पहले तक नहर जैसी दिखने वाली गंगा अब धीरे-धीरे फैलने लगी है और किनारों की रेती भी डूबने लगी है। केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार, रविवार शाम को गंगा का जलस्तर 107 .800 मीटर दर्ज किया गया था, जो सोमवार शाम छह बजे तक बढ़कर 108 .270 मीटर हो गया। यानी 24 घंटे में जलस्तर में 47 सेमी की बढ़ोत्तरी हुई है। आयोग का कहना है कि जलस्तर में फिलहाल इसी तरह वृद्धि जारी रह सकती है।

### नशे में हवाई फायरिंग करने वाला सुरक्षा गार्ड गिरफ्तार

**शुक्लागंज, अमृत विचार:** निर्माणाधीन रिंग रोड पर तैनात सिक्योरिटी गार्ड संदीप यादव पुत्र स्व. भभूति प्रसाद निवासी सिकंदरपुर सिरोसी कोतवाली सदर इस समय गांव शंकरपुर सराय में किराए पर रहता था। लोगों के अनुसार संदीप ने रविवार रात अधिक शराब पी ली थी और नशे में उसने अपने किराए के मकान के पास लाइसेंसी बंदूक से हवाई फायरिंग कर दी। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद आरोपी से उसकी लाइसेंसी बंदूक व फायरिंग में प्रयुक्त खोखा कारतूस कब्जे में ले लिया। इसके बाद पुलिस ने कार्यवाही करते हुए उसे कोर्ट में पेश किया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल रहा।

# 36 घंटे बाद चंपापुरवा और अंबिकापुरम के 800 घरों की बहाल हुई विद्युत आपूर्ति

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**ट्रांसफार्मर फेल होने से सैकड़ों उपभोक्ता गर्मी में बेहाल**


खराब ट्रांसफार्मर की मरम्मत करता विद्युत कर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** बरसात के मौसम में नगर की बिजली व्यवस्था चरमराती नजर आ रही है। शनिवार रात आई तेज बारिश के कारण चंपापुरवा और अंबिकापुरम मोहल्लों में लगे 400 केवीए ट्रांसफार्मर अचानक खराब हो गए, जिससे करीब 800 घरों की आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई। विभाग को दोनों ट्रांसफार्मर बदलने में करीब 36 घंटे का समय लग गया, जिससे उपभोक्ताओं को उमस भरी भीषण गर्मी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

चंपापुरवा स्थित सर्वोदय स्कूल के पास लगा ट्रांसफार्मर शनिवार रात करीब तीन बजे फेल हो गया। विद्युत कर्मियों ने पहले मरम्मत का प्रयास किया, लेकिन दो बार की कोशिशों के बावजूद ट्रांसफार्मर पूरी तरह खराब हो गया। इसके चलते 400 से अधिक घरों की सप्लाई ठप हो गई। वहीं अंबिकापुरम में भी उसी रात आकाशीय बिजली गिरने से वहां का ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे एक अन्य 400 घरों की बिजली गुल रही। विभाग की टीम ने सोमवार रात एक बजे अंबिकापुरम और तीन बजे चंपापुरवा में नया ट्रांसफार्मर लगाकर आपूर्ति बहाल की। इसी बीच सोमवार को गंगाधाम कॉलोनी में एबीसी केबल डालने का कार्य किया गया, जिसके चलते दोपहर करीब 12 से शाम 7 बजे तक वहां की बिजली आपूर्ति बंद रखी गई। एक सैकड़ा से अधिक घरों के लोगों को इस कटौती के कारण भीषण गर्मी में परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग की धीमी कार्यप्रणाली और समय पर सुधार कार्य न होने पर नाराजगी जताई है।

### फतेहपुर चौरासी में चरमराई विद्युत आपूर्ति

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव, अमृत विचार:** जहां एक ओर सरकार आमजन की सहूलियत के लिए नगरीय क्षेत्र में साढ़े 21 घंटे विद्युत आपूर्ति की बात करती है वहीं नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी विभाग की लापरवाही के चलते कस्बा फतेहपुर चौरासी में आएदिन होने वाले फाल्ट व ट्रिपिंग से आपूर्ति चरमरा गई है। जिससे उपभोक्ताओं में रोष है। बता दें कि नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी में साढ़े 21 घंटे की आपूर्ति की जगह विभाग ग्रामीण क्षेत्र के रोस्टर के अनुसार 18 घंटे आपूर्ति दे रहा है। कस्बे में 18 घंटे की जगह 12 से 14 घंटे ही आपूर्ति मिल रही है। बीती 21 जून को एलटी लाइन जलने से करीब 13 घंटे आपूर्ति ठप रही। व्यापार मंडल अध्यक्ष अमित मिश्रा ने बताया कि लाइनमैन की लापरवाही के चलते आपूर्ति आएदिन बाधित होने से व्यापारियों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष मिथलेश जायसवाल ने बताया कि शहरी रोस्टर से आपूर्ति चालू कराने के लिए कई बार विभागीय उच्चाधिकारियों से मांग की गई लेकिन, परिणाम शून्य रहा। इस संदर्भ में फतेहपुर चौरासी विद्युत उपकेंद्र के जेई राजेश तिवारी ने बताया कि बारिश के चलते दिक्कतें आ रही हैं।

# ब्रिटिशकालीन जर्जर पुलिया को हटाने की प्रक्रिया शुरू


छमकनाली 109 पुलिया पर कार्य करते श्रमिक। अमृत विचार

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

**छमकनाली 109 पर शुरू हुआ शिफ्टिंग कार्य**

**अमृत विचार:** कानपुर-लखनऊ रेलखंड पर हाई स्पीड ट्रेनों के संचालन की तैयारी में रेलवे ने ब्रिटिश काल में निर्मित जर्जर पुलियों के स्ट्रक्चर को हटाकर नई संरचनाएं स्थापित करने का कार्य शुरू कर दिया है। इसी क्रम में सोमवार को छमकनाली 109 पुलिया को शिफ्ट करने का कार्य रेलवे ब्रिज विभाग के अधिकारियों की निगरानी में शुरू किया गया। इसके लिए दोपहर 2:20 बजे से शाम 6:20 बजे तक चार घंटे का मेगा ब्लॉक लिया गया, जिससे डाउन लाइन का रेल संचालन प्रभावित रहा।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, कानपुर-लखनऊ रेल रूट की पुलिया संख्या 108 और 109 दोनों ही ब्रिटिश शासन काल की बनी हुई हैं और काफी जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी हैं। इन पुलियों के स्ट्रक्चर की जगह नई मजबूत संरचनाएं स्थापित की जा रही हैं, ताकि भविष्य में तेज गति वाली ट्रेनों का सुरक्षित संचालन सुनिश्चित किया जा सके। बीते वर्ष से इन पुलियों के जीर्णोद्धार कार्य की शुरुआत की गई थी, और अब उनके स्ट्रक्चर का निर्माण पूरा होने के बाद शिफ्टिंग प्रक्रिया शुरू की गई है। सोमवार को मिली चार घंटे की मेगा ब्लॉक अवधि के दौरान, आधा सैकड़ा से अधिक श्रमिकों ने छमकनाली 109 पुलिया के स्ट्रक्चर के शिफ्टिंग का कार्य शुरू किया। ब्रिज विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहे और कार्य की निगरानी करते रहे। अधिकारियों ने बताया कि पुलिया को सुरक्षित ढंग से हटाकर नई संरचना की स्थापना और पैकिंग का कार्य अगले कुछ दिनों तक जारी रहेगा।

**तीन दिन और हो सकता है मेगा ब्लॉक:** रेलवे विभाग के अनुसार, छमकनाली 109 पुलिया के डाउन लाइन सेक्शन में कार्य को पूर्ण रूप देने के लिए आगामी तीन दिन तक और इसी प्रकार का मेगा ब्लॉक लिया जा सकता है। इस दौरान शिफ्टिंग, पैकिंग और फिटिंग का कार्य किया जाएगा।

**सुविधा** | संयुक्त टीम ने निरीक्षण और भूमि का चिह्नांकन कर ग्राम समाज की भूमि पुलिस को सौंपी

# मरहला चौराहे के पास बनेगा ग्राउंड प्लस थ्री स्टोरी पुलिस हॉस्टल

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)


ग्राउंड प्लस थ्री स्टोरी के लिए भूमि का चिह्नांकन कराते लेखपाल। अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर के मरहला चौराहे के पास पुलिस बल के लिए एक आधुनिक एवं बहुमंजिला हॉस्टल और बैरक बनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके लिए सोमवार को प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों और निर्माण निगम के इंजीनियरों की एक संयुक्त टीम ने संबंधित भूमि का निरीक्षण कर चिह्नांकन किया। इसके बाद ग्राम समाज की भूमि का कब्जा पुलिस विभाग को सौंप दिया गया। जल्द ही यहां ग्राउंड प्लस थ्री स्टोरी (चार मंजिला) पुलिस हॉस्टल/बैरक का निर्माण शुरू होगा।

मरहला चौराहे के नजदीक हनुमान बाग के बगल में कटहा ग्राम सभा की गाटा संख्या 65 (नौ बिस्वा) भूमि पड़ी थी, जिसे अब पुलिस हॉस्टल/बैरक निर्माण के लिए चिन्हित किया गया है। राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने जमीन का निरीक्षण कर नापजोख की प्रक्रिया पूरी की। इस दौरान गंगाघाट कोतवाल प्रमोद कुमार मिश्रा, लेखपाल अशोक सैनी, अवनीश तिवारी, ग्राम प्रधान दीप चंद्र निषाद और राजस्व विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे। भूमि से अतिक्रमण हटवाकर इसे पुलिस विभाग को सौंप दिया गया। इस परियोजना के पूरा होने के बाद पुलिसकर्मियों को आवास की समस्या से निजात मिलेगी और वे अधिक कुशलता से अपनी ड्यूटी निभा सकेंगे। साथ ही, इससे मरहला चौराहे के आसपास के क्षेत्र में पुलिस की मौजूदगी बढ़ने से अपराध नियंत्रण में भी मदद मिलेगी।

**जल्द शुरू हो सकता है निर्माण कार्य:** प्रशासन का कहना है कि निर्माण कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा और निर्धारित समयसीमा में इसे पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। स्थानीय निवासियों ने इस योजना का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि इससे क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था और सुदृढ़ होगी।

### राजकीय निर्माण निगम करेगा निर्माण

इस परियोजना का निर्माण कार्य राजकीय निर्माण निगम द्वारा कराया जाएगा। निगम के इंजीनियरों ने स्थल का निरीक्षण कर नक्शे के अनुसार मुआयना किया और निर्माण से जुड़ी आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की। गंगाघाट कोतवाल प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि लंबे समय से पुलिस बल के लिए बैरक निर्माण की आवश्यकता थी। इस परियोजना से पुलिसकर्मियों को बेहतर आवास सुविधा मिलेगी, जिससे उनकी कार्यक्षमता और मनोबल में वृद्धि होगी।

### तीन मंजिल भवन के हॉस्टल में बनेंगे 48 बैरक

प्रस्तावित भवन में पुलिसकर्मियों के ठहरने के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसमें ग्राउंड फ्लोर के अलावा तीन मंजिलें होंगी, जहां हॉस्टल/48 बैरक बनाए जाएंगे। यह परियोजना न केवल पुलिस बल के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित करेगी, बल्कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूती प्रदान करने में भी सहायक होगी।

## सार-संक्षेप

### हजारों की जान बचाने वाले युवक को किया गया सम्मानित


सृजन को बैंक ऑफ इंडिया में किया जाता सम्मानित। अमृत विचार

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के दरौली गांव निवासी सृजन मिश्रा बीते शुक्रवार गांव के पास रेलवे अंडरपास में भरा पानी देखने गया था। तभी उसकी नजर बारिश से मिट्टी बहने से हिल चुकी रेल पटरी पर पड़ी। तभी उसे बालामऊ की ओर से आ रही पैसेंजर ट्रेन आते दिखी। खतरे को भांपते हुए सृजन ने वहां बकरी चरा रहे चरवाहे की लाल शर्ट लेकर पटरियों के बीच खड़े होकर ट्रेन रुकवाई। ट्रेन रुकते ही उसने लोको पायलट को पूरी बात बताई। इसके बाद रेलवे की तकनीकी टीम ने पटरियों की मरम्मत कर ट्रेन को सुरक्षित निकाला। इस सूझबूझ और बहादुरी से एक बड़ा रेल हादसा टल गया। सृजन की जागरूकता की इलाके में खूब सराहना हो रही है। सोमवार को बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक जितेश पांडे ने सृजन को बैग व स्मार्ट वॉच देकर सम्मानित किया। इस दौरान दीपू मिश्रा आदि मौजूद रहे। वहीं, पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने भी फोन पर सृजन से बात कर उसकी बहादुरी को सराहा और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### भाजपाइयों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार:** भारत की एकता व अखंडता के अग्रदूत भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 72वें बलिदान दिवस पर भाजपा कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री अवध क्षेत्र के प्रभारी संजय राय ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने 'एक देश में दो निशान, दो विधान, दो प्रधान नहीं चलेंगे' का नारा देकर देश की एकता के लिए अपना बलिदान दिया। जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद अवस्थी, प्रभान शकर दीक्षित, विधायक श्रीकांत कटियार, बृजेश रावत, बंबालाल दिवाकर, आशुतोष शुक्ला, अनिल सिंह, रामचंद्र वर्मा, भगवती प्रसाद रावत, वेणुरंजन भदोरिया, हरि सहाय मिश्र आदि ने संगोष्ठी में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

### जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष ने गिनाईं कार्यकाल की प्रगति

**उन्नाव, अमृत विचार:** जिला सहकारी बैंक लि. उन्नाव में अरुण सिंह अध्यक्ष व सभापति के पद पर दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर जिला सहकारी बैंक लि. उन्नाव के बैंक सभागार भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई सहकारिता सभागार में अपने कार्यकाल में बैंक में किये गये कार्यों व उपलब्धियों की प्रगति के बारे में बताया। इससे पूर्व में बैंक मुख्यालय पर सुंदरकांड पाठ भी आयोजन हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में संजय राय प्रदेश महामंत्री भाजपा उप्र, अनुराग अवस्थी जिलाध्यक्ष भाजपा, पंकज गुप्ता सदर विधायक, संजय पाण्डेय सचिव व मुख्य कार्यपालक अधिकारी, पुनीत चौधरी उपमहाप्रबंधक, अनुभाग अधिकारी उपेन्द्र सिंह, गणेश प्रसाद, संजय सिंह, सौरभ मिश्रा, अमित उत्तम व शाखाओं के शाखा प्रबंधक व सहकारिता परिवार के लोग मौजूद रहे।

### विद्यालयों को मर्जर के विरोध में शिक्षक प्रदर्शन कर देंगे ज्ञापन

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ की बैठक जिलाध्यक्ष अनुपम मिश्र की अध्यक्षता में शहर स्थित एक गेस्ट हाउस में संपन्न हुई। इसमें शासन से जारी कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों को पेयर करने के आदेश के विरोध व प्रांतीय निर्देशानुसार एक रणनीत बनाई गई। जिसमें विद्यालयों के मर्जर के विरोध में 27 जून को सभी विकासखंडों में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारियों को दिया जाएगा। जिलाध्यक्ष अनुपम मिश्रा ने कहा कि इस आदेश से गरीब मजलूमों के बच्चों से शिक्षा का अधिकार छीना जा रहा है। बैठक में महामंत्री राम जन्म सिंह, संरक्षक राघवेंद्र सिंह, सुमंत राजनी वर्मा, सरल कुमार, मोतीलाल, उमेश चंद्र, सुरेश कुमार, तौसीफ अली, अनूप शुक्ला, हनुमान पांडे, रमेश साहू, अरविंद कुमार, अमर सिंह, रामबाबू सिंह, अनिल दिवाकर, प्रदीप मिश्रा, वरुण सिंह, कमलेश, अनिल शुक्ला, अजय पाटिल, विवेक सिंह, अवधेश, गोविंद मिश्रा, नरेंद्र सिंह, शिवकुमार रहे।

### पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने संजय गांधी को किया याद

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार:** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आहूत संगठन सृजन की बैठक को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष व जिला समन्वयक शिव पांडे ने कहा कि सूबे में बेरोजगारी व भ्रष्टाचार से युवा आंदोलित है। यही युवा भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करेंगे। जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुशवाहा ने जिला समन्वयक को आश्वस्त करते हुए कहा कि नेतृत्व से मिली गाइड लाइन के अनुसार कार्य पूरा कर लिया गया है। इस दौरान कांग्रेस के जिला कोऑर्डिनेटर शिव पांडेय व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र कुशवाहा सहित सभी कांग्रेसियों ने स्व. संजय गांधी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। बैठक में हनुमंत सिंह, चंद्र प्रकाश शुक्ला छुन्ना, शिवम अवस्थी, सुभाष सिंह, युसूफ फारूकी खुर्रम, सुयश बाजपेई, दीपेंद्र सिंह, गया प्रसाद कफनधारी, पुत्ती लाल वर्मा, मयंक बाजपेई, कस्तूरबा कुरील, शहर बानो आदि रहे।

### सीएचसी में हुई अंतर्विभागीय बैठक में दी गई जानकारी

**संवाददाता, नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार:** क्षेत्र में संचारी रोग व डायरिया रोग नियंत्रण अभियान जुलाई माह में संचालित होगा। अभियान के सफल क्रियान्वन के लिए सोमवार को सीएचसी में ब्लॉक स्तरीय अंतर्विभागीय बैठक हुई। स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि अभियान के दौरान आशा बहू घरों में व आसपास जल भराव, साफ सफाई, जल निकासी आदि के बारे में ग्रामीणों को सतर्क करने के साथ संचारी रोग से बचाव के लिये जागरूक करेंगी। डब्लूएचओ मॉनिटर अजय वर्मा ने पंचायती राज विभाग व नगर पंचायत को क्षेत्र में साफ-सफाई व एंटी लार्वा छिड़काव के लिए कहा। इस दौरान स्वप्निल पाल सीडीपीओ, डॉ. राजेश मौर्या पशु चिकित्सक, प्रभारी एडीओ पंचायत रोहित राणा, हर्षित तिवारी, स्वच्छ भारत मिशन ब्रांड एम्बेसडर रोहित गुप्ता, यूनिसेफ मॉनिटर मो. आसिफ, गौरी गुप्ता एआरओ, मलखान सिंह बीपीएम आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

### जहरीले कीड़े के काटने से महिला की मौत, मचा कोहराम

**संवाददाता, सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार:** सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव सेवकी खेड़ा के मजरे जमालनगर निवासी मनोज लोधी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीतीरात रात उसकी पत्नी रानी (32) बरामदे में जमीन पर सो रही थी। रात में उसके बाएं हाथ में जहरीले कीड़े ने काट लिया। थोड़ी देर में उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन आनन-फानन उसे सीएचसी सफीपुर ले गए। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतका के ससुर सूबेदार, सास सुमन व दो मासूम बच्चे कशिश (5) व बेटी काव्या का रो-रोकर बुरा हाल है। एसओ एसएन त्रिपाठी ने बताया कि पति की सूचना पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण की पुष्टि हो सकेगी।

### जहरीले कीड़े के काटने से किशोर की हालत बिगड़ी, मौत

**उन्नाव, अमृत विचार:** अजगैन कोतवाली अंतर्गत पाली गांव निवासी शिवा (14) पुत्र अरुण बीती रविवार रात घर के बरामदे में अपनी दादी संतोषी के साथ जमीन पर सो रहा था। रात करीब 10 बजे उसे जहरीले कीड़े ने काट लिया। कीड़े के काटने का अहसास होने पर किशोर ने उसे पकड़कर मार डाला। लेकिन, तब तक शरीर में जहर फैलने से उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन पहले तो उसका घर में उपचार करते रहे। लेकिन, हालत में सुधार न देख उसे सीएचसी लाया गया। जहां उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर किया गया। देररात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार शिवा का पिता मुंबई में नौकरी करता है। शिवा गांव के उच्च प्राथमिक स्कूल में कक्षा आठ का छात्र था।

